## मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली,11 जून ( निस ):** कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन रद्द होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई टल गई है। अहम मामले पर सुनवाई 12 जून को होगी, जिससे नटराजन को कानूनी राहत मिलने का इंतजार और बढ़ गया है। उनकी उम्मीदवारी को 9 जून को रिटर्निंग ऑफिसर और( **शेष पृष्ठ दो पर** )

दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

करनाल

मुख्य सम्पादक – जगजीत सिंह दर्दी    संपादक – डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 9 अंक 161 शुक्रवार 12 जून, 2026    Friday 12 June, 2026    मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12    मोब :9416406615,7404278000,9215537704







# नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी ने राज्यों को दिया विकास का मंत्र,विकसित भारत-2047 के रोडमैप पर मंथन



**नई दिल्ली,11 जून ( निस ):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समावेशी मानव विकास की रणनीति और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर व्यापक चर्चा हुई है। इसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भागलिया। नीति आयोग के अनुसार इस वर्ष की बैठक का विषय 'विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास' रखा गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के विकास का लाभ उम्र, क्षेत्र, लिंग और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निभाया बड़ा वादा, 8वीं कक्षा के इतिहास पाठ्यक्रम में शामिल हुआ सिख गुरुओं का इतिहास



**चंडीगढ़, 11 जून( अमृतपाल सिंह )** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सिख समाज और प्रदेशवासियों से किया गया एक महत्वपूर्ण वादा पूरा करते हुए राज्य के विद्यालयों की कक्षा 8वीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं व बाबा बन्दा सिंह बहादुर से जुड़े इतिहास को शामिल किया है। अब स्कूली बच्चे सिख गुरुओं के साथ—साथ बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी के त्याग, बलिदान और आदर्शों से रूबरू होंगे।मुख्यमंत्री ने हरियाणा में मनाए गए गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर घोषणा की थी कि आने वाली पीढ़ियों को सिख इतिहास, गुरुओं के आदर्शों और उनके महान बलिदानों से परिचित कराने के लिए इन्हें विद्यालयी शिक्षा का हिस्सा बनाया जाएगा। अब सरकार ने इस घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए इसे पाठ्यक्रम में शामिल कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोबिंद सिंह जी तक सभी सिख गुरुओं ने मानवता, समानता, सेवा, करुणा, भाईचारे और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उन्होंने समाज को जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर मानव कल्याण के लिए कार्य करने( **शेष पृष्ठ दो पर** )



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

# 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान करना हमारा लक्ष्य -मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री ने लिया हिस्सा



**चंडीगढ़, 11 जून( अमृतपाल सिंह )** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर टीम इंडिया की भावना से काम करें, तभी विकसित भारत का लक्ष्य हासिल होगा। उन्होंने कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और मानव संसाधन निर्माण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश से जुड़ी विभिन्न मांगों को रखा। उन्होंने मांग की है

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हित से जुड़ी विभिन्न मांगों को रखा, भव्य योजना के तहत बनने वाले 50 औद्योगिक पार्कों में हरियाणा को शामिल करने की रखी मांग**

कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'भव्य योजना' के तहत बनाए जाने वाले प्रथम 50 औद्योगिक पार्कों में हरियाणा को भी शामिल किया जाए। इसके साथ-साथ हरियाणा को सेमीकंडक्टर ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# मैं नहीं छोड़ूंगा ममता दीदी का साथ, बुरे समय में वह मेरे साथ रहीं -शत्रुघ्न सिन्हा



**कोलकाता,11 जून ( निस ):** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी बगावत और उथल-पुथल के बीच, सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने उन अफवाहों पर विराम लगाया है, जिसमें उनके पार्टी छोड़ने की बात सामने आई थी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे ममता बनर्जी और टीएमसी के साथ ही बने रहने वाले है आसनसोल लोकसभा सीट से सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि ममता ने मेरे मुश्किल वक्त में मेरा पूरा साथ दिया था। अब जब पार्टी और वह खुद एक दुख की घड़ी से गुजर रही हैं, तब मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने दृढ़ता से कहा, मैं टीएमसी छोड़कर नहीं जाऊंगा।बात दें कि बिहारी बाबू के टीएमसी से अलग होने की अटकलें हाल ही में तेज हुई थीं। गौरतलब है कि टीएमसी में आने से पहले, सिन्हा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में थे और पटना साहिब से( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# रेल विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक तकनीकी ढांचे को मिल रही मजबूती -अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली,11 जून ( निस ):** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को जयपुर में कहा कि केंद्र सरकार ने राजस्थान में रेलवे विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक तकनीकी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में राजस्थान को रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश मिला है, जिससे राज्य में रेल सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि साल 2014 से पहले राजस्थान के लिए रेलवे बजट करीब 600 करोड़ रुपए हुआ करता था। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस बजट में लगातार वृद्धि की गई और आज राजस्थान को रेलवे के लिए 10,228 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस बढ़े हुए निवेश का सीधा लाभ राज्य के यात्रियों और रेलवे ढांचे को मिला है। राजस्थान में रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण और नई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# राज्यपाल ने रोहतक अग्निकांड में मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि देने की घोषणा की

*घायलों का सरकारी अस्पतालों में मुफ़्त इलाज सुनिश्चित करे जिला प्रशासन*



**चंडीगढ़,11 जून ( के.के.संधू ):** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने रोहतक के डी-पार्क मार्केट क्षेत्र में आग लगने की दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। 9 जून को रोहतक के सबसे पुराने एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में से एक डी-पार्क मार्केट में लगी भीषण आग की दुखद घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा अनेक दुकानें जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# भाजपा का डटकर मुकाबला करेगी कांग्रेस-राहुल गांधी



**नई दिल्ली,11 जून ( निस ):** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में सिर्फ कांग्रेस एकमात्र विपक्षी पार्टी है जो टूट नहीं रही है और वही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुकाबला कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद से तृणमूल कांग्रेस से कई सांसद और नेता अलग हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस या किसी दूसरे विपक्षी दल का नाम नहीं लिया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ कांग्रेस ही भाजपा एवं आरएसएस को चुनौती दे सकती है। उनका यह भी कहना था कि अगले एक-दो साल में कांग्रेस और मजबूत होगी तथा भाजपा एवं आरएसएस का डटकर मुकाबला करेगी।सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने देश की नाजुक आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की हालत की खराब कर दी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था कि देश के सामने जो आर्थिक चुनौती खड़ी हुई है उसका एकमात्र कारण अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां नहीं हैं, बल्कि मोदी सरकार की आर्थिक नीति और विदेश नीति है।

**कुछ चुनिंदा उद्योपतियों को फायदा** -सूत्रों के( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# कांग्रेस की बैठक में विपक्षी एकता को मजबूत करने पर बल, बूथ स्तर पर संवाद करेगी

### महंगाई एवं परीक्षा धांधली के खिलाफ कांग्रेस तीन माह तक राष्ट्रीय अभियान चलाएगी




नई दिल्ली 11 जून (निस) कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को अगले तीन महीनों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर के अभियान की घोषणा की। इस अभियान के तहत पार्टी के हर नेता और कार्यकर्ता से उम्मीद की जाएगी कि वे महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा में धांधली, सामाजिक असमानता और खाड़ी संकट के बाद कमजोर कूटनीति के खिलाफ सड़कों पर उतरें। इस अभियान की जानकारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने दी। यह जानकारी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में संगठनात्मक रणनीतियों, आगामी आंदोलनों और राज्यसभा चुनाव पर चर्चा के लिए बुलाई गई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद दी गई। उन्होंने कहा, हम अगले तीन महीनों के लिए राष्ट्रीय स्तर का अभियान शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस के हर नेता और कार्यकर्ता को मैदान में और सड़कों पर उतरना चाहिए। X पर एक पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आज देश महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। NEET और विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने और शिक्षा प्रणाली से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा हिला दिया है। श्री राहुल गांधी ने व्यक्तिगत रूप से प्रभावित छात्रों और युवाओं से मुलाकात की है और देश के सामने मजबूती से उनकी बात रखी है। खड़गे ने कहा, आज दुर्भाग्य से हम देख रहे हैं कि जिन संस्थानों( **शेष पृष्ठ दो पर** )

### ओमान की खाड़ी में टैंकर पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत, भारत ने की सख्त निंदा

नई दिल्ली, 11 जून (निस) केंद्रीय शिपिंग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को बताया कि ओमान की खाड़ी में एक टैंकर पर अमेरिकी हमले में लापता तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। ओमान के पास टैंकर पर अमेरिकी सेना द्वारा किए गए हमले के बाद ये नाविक लापता बताए जा रहे थे। अमेरिका के मुताबिक निर्देशों का पालन न करने पर उसकी सेना ने जहाज पर सटीक हमला किया। अमेरिका ने यह भी कहा कि टैंकर ईरान से तेल ले जा रहा था। इस बीच जानलेवा हमले के बाद नई दिल्ली ने अमेरिकी डिप्टी चीफ़ ऑफ़ मिशन को तलब किया और हमले का कड़ा विरोध किया। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नागराज नायडू ने टैंकर सेटेबेल्लो पर हमले के बाद अमेरिका के चार्ज डीअफेयर्स जेसन मीक्स को तलब किया। इस घटना के बाद भारत ने हमले की कड़ी निंदा की और जहाज पर मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# सिमटता विपक्ष, मजबूत होता एनडीए:संसद में बदलते समीकरणों की संभावना

### इंडिया गठबंधन की बढ़ी चिंता, लोकसभा में विपक्ष का आंकड़ा 200 से नीचे जाने का खतरा



**नई दिल्ली,11 जून ( निस ):** वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को कड़ी चुनौती देने वाला विपक्षी इंडिया गठबंधन अब गंभीर राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है। सहयोगी दलों के अलग होने, आंतरिक मतभेदों और लगातार चुनावी पराजयों ने विपक्ष की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच संसद में विपक्ष की ताकत लगातार कमजोर होती दिखाई दे रही है। हाल के घटनाक्रमों में डीएमके और आम आदमी पार्टी द्वारा इंडिया गठबंधन से दूरी बनाए जाने के बाद लोकसभा में विपक्षी गठबंधन की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि तृणमूल कांग्रेस के भीतर संभावित असंतोष और विभाजन की स्थिति विपक्ष की स्थिति को और कमजोर कर सकती है। यदि ऐसा होता है तो लोकसभा में इंडिया गठबंधन का आंकड़ा 190 से नीचे पहुंच सकता है। दूसरी ओर भाजपा इन परिस्थितियों को अपने लिए अवसर के रूप में देख रही है। वर्तमान में लोकसभा में भाजपा के पास 240 सांसद हैं और पार्टी अपने दम पर बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि विपक्षी दलों में टूट-फूट जारी रहती है तो भाजपा की स्थिति और मजबूत हो सकती है। राज्यसभा में भी बदलते राजनीतिक समीकरणों का असर दिखाई देने लगा है। विपक्षी दलों के भीतर असंतोष और संभावित दल-बदल की अटकलों के बीच एनडीए की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## पृष्ठ एक का शेष...

### मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन मामले

**...** मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रधान सचिव अरविंद शर्मा ने रद्द की थी। यह कदम बीजेपी के राज्यसभा उम्मीदवार महेश केवट और राज्य महासचिव राहुल कोठारी की आपत्तियों के बाद उठाया गया था। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि नटराजन ने अपने चुनावी हलफनामे में हैदराबाद की एक अदालत में लंबित एक महत्वपूर्ण मामले की जानकारी नहीं दी थी, जो कि अनिवार्य रुप से देना होता है। रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश के अनुसार, नटराजन ने अक्टूबर 2025 में हैदराबाद की अदालत से जारी नोटिस का जवाब दिया था, लेकिन अपने नामांकन पत्रों के साथ जमा किए गए फॉर्म 26 में मामले का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया था। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने उनके हलफनामे को अधूरा मनाकर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी।

### नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी ने राज्यों को दिया विकास ...

विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सेवाओं की पहुंच जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई ।प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के दौरान विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में राज्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। माना जा रहा है कि बैठक में राज्यों के अनुभवों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने के साथ-साथ विकास की चुनौतियों के समाधान पर भी चर्चा होगी।इस बार की बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मौजूद हैं। विशेष रूप से कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नए नेतृत्व की भागीदारी पर भी राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों की नजर बनी हुई है। इन राज्यों के प्रतिनिधियों ने पहली बार नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में हिस्सा लिया।

**भारत ने विकास-निर्यात के अवसर पैदा करने कई देशों से किए मुक्त व्यापार समझौते -पीएम मोदी** - भारत के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों ने विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा किए हैं। यह समझौते हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए बड़ा मौका हैं। यह बात पीएम मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की बैठक में दी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने विकास औरनिर्यात के नए अवसर पैदा करने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करके और अपनी प्रतिस्पर्धा-क्षमता बढ़ाकर वैश्विक बाजारों के लिए तैयार होने में मदद करते हैं। भारत ने बीते एक साल में यूके, यूरोपीय यूनियन, ओमान और न्यूजीलैंड समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। साथ ही अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते लिए बातचीत जारी है।नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास विकसित भारत के विजन का एक अहम आधार है। खेती और स्टार्टअप से लेकर विज्ञान और इनोवेशन तक, नारी शक्ति हर क्षेत्र में योगदान दे रही है। राज्यों को महिलाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने और भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए उनकी शिक्षा, स्किलिंग, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देनी चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश एक ऐतिहासिक अवसर है जिसे हम गंवा नहीं सकते। अच्छी शिक्षा, मांग के अनुरूप कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के जरिए अपने युवाओं के लिए सही इकोसिस्टम बनाना हमारी प्राथमिकता हो। सशक्त युवा ही विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा की मुख्य ताकत बनेंगे। नीति आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी के टीम इंडिया के विजन के अनुरूप, विकसित भारत के लिए इस साल की थीम 2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास है।

### रेल विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक तकनीकी ...

बताया कि राजस्थान में करीब 450 रेलवे स्टेशन हैं, जिनमें से 200 से ज्यादा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म ऊंचा करने, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने, यात्रियों के लिए पूर्ण शेड और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित करने का काम चल रहा है।इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के करीब 85 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। जयपुर रेलवे स्टेशन का काम भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है और इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**

**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**

**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।

**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।

सभी सेवाएं निशुल्क है।

**E-mail chardikla.hr@gmail.com**

**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।

**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### राज्यपाल ने रोहतक अग्निकांड में मृतकों के परिजनों के...

लिए प्रार्थना की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। राज्यपाल ने उपायुक्त, रोहतक को घटना से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन कर अति शीघ्र रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन तत्परता से कार्य करे। प्रो. असीम कुमार घोष ने जिला प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि घटना में घायल हुए सभी लोगों को सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निभाया बड़ा वादा, 8वीं कक्षा के ...

की प्रेरणा दी। सिख गुरुओं की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि वे समाज में सद्भाव, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का मार्ग दिखाती हैं।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिख गुरुओं और बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन केवल एक समुदाय की धरोहर नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने गुरु गोबिंद सिंह जी की प्रेरणा से अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका जीवन साहस, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण की भावना का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज भी युवाओं को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।श्री सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में जब नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और महान व्यक्तित्वों के आदर्शों से जोड़ने की आवश्यकता है, तब सिख गुरुओं और बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन पर आधारित अध्याय विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का माध्यम बनेंगे। इन अध्यायों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, सेवा भाव, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता की भावना का विकास होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण का सशक्त साधन मानती है। इसी सोच के तहत विद्यालयी पाठ्यक्रम में ऐसे महापुरुषों के जीवन और शिक्षाओं को स्थान दिया जा रहा है, जिन्होंने राष्ट्र और समाज के लिए अनुकरणीय कार्य किए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें एक संवेदनशील, जागरूक और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक बनने की प्रेरणा देगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी महान संतों, गुरुओं तथा राष्ट्र नायकों के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सार्थक कदम उठाती रहेगी। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ प्रभलीन सिंह ने हरियाणा सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सिख समुदाय की लंबे समय से लंबित और भावनात्मक रूप से जुड़ी मांग को पूरा कर समाज की भावनाओं का सम्मान किया है। यह निर्णय न केवल सिख समुदाय के लिए सम्मान और गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश सरकार की सभी वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और समावेशी सोच को भी दर्शाता है।

### सिमटता विपक्ष, मजबूत होता एनडीएःसंसद में बदलते ...

इससे सरकार को महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने में पहले की तुलना में अधिक आसानी हो सकती है।

विश्लेषकों का मानना है कि यदि संसद के दोनों सदनों में सरकार की स्थिति और मजबूत होती है तो महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन, परिसीमन और अन्य महत्वपूर्ण विधायी प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का रास्ता आसान हो सकता है। हालांकि इन विषयों पर अंतिम निर्णय संसद की प्रक्रियाओं और राजनीतिक सहमति पर निर्भर करेगा।

### मैं नहीं छोड़ूंगा ममता दीदी का साथ, बुरे समय में वह मेरे ...

सांसद रहे थे। बीजेपी से टिकट कटने के बाद उन्होंने ममता बनर्जी का दामन थामा था और आसनसोल से लोकसभा पहुंचे थे। इसके पहले टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने भी शत्रुघ्न सिन्हा के पार्टी न छोड़ने का दावा किया था। आजाद ने बताया था कि उनकी सिन्हा से बात हुई थी, और उनके कहने पर शत्रुघ्न सिन्हा की ममता बनर्जी से भी सीधी बात हुई थी। कीर्ति आजाद ने तभी पुष्टि कर दी थी कि सिन्हा टीएमसी के साथ ही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद टीएमसी के भीतर असंतोष बढ़ रहा है। राज्य में ऋतब्रत के नेतृत्व में कुछ विधायकों ने अलग गुट बनाया है, वहीं दिल्ली में सांसदों के हस्ताक्षर वाली एक कथित चिट्ठी लोकसभा स्पीकर को सौंपने की चर्चा है, जिसमें 19 सांसदों के हस्ताक्षर होने का दावा है। इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शत्रुघ्न सिन्हा का यह बयान टीएमसी के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है।

### भाजपा का डटकर मुकाबला करेगी कांग्रेस...

अनुसार, राहुल गांधी ने यह दावा भी किया कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड और अंबमान-निकोबार में आदिवासियों से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों को कमजोर किया जा रहा है ताकि कुछ चुनिंदा उद्योपतियों को फायदा पहुंचाया जा सके।

### कांग्रेस की बैठक में विपक्षी एकता को मजबूत करने पर ...

और प्रणालियों को बनाने में दशकों लगे, उन्हें अब जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। इसलिए, हमारी जिम्मेदारी न केवल राजनीतिक संघर्ष के प्रति है, बल्कि भारत के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा करने के प्रति भी है।

**कांग्रेस की अहम बैठक**-कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में गुरुवार को एआईसीसी मुख्यालय में पार्टी के महासचिवों, प्रभारियों और पीसीसी अध्यक्षों की अहम बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश और कई अन्य नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं की यह अहम बैठक हालिया विधानसभा चुनावों और टीएमसी में चल रही फूट के बीच हुई। इस बैठक से एक दिन पहले वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा था कि वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा के लिए यह आपात बैठक बुलाई गई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को हुई बैठक में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के अलावा बीजेपी द्वारा केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के प्रचार अभियान और पीएम नरेंद्र मोदी के जवाहरलाल नेहरू का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ने से जुड़े राजनीतिक विमर्श का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा की। पार्टी नेतृत्व दल-बदल की बढ़ती घटनाओं और विपक्षी दलों के बीच समन्वय को मजबूत करने के मुद्दे पर भी विचार किया गया। राज्यों में संभावित सहयोगी दलों के साथ तालमेल बढ़ाने और विपक्षी गठबंधन के विस्तार को लेकर मंथन हो सकता है।

### ओमान की खाड़ी में टैंकर पर अमेरिकी हमले

**...** को लेकर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम आज ओमान के तट के पास कमर्शियल जहाज सेटेबेल्लो पर हुए हमले की निंदा करते हैं। मंत्रालय ने बताया कि हमले के समय जहाज पर 24 भारतीय क्रू सदस्य मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा कि 21 भारतीयों को बचा लिया गया है।रिपोर्ट के मुताबिक बाद में यूएस सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि उसने ईरान के खिलाफ जारी समुद्री नाकेबंदी के तहत 9 जून की रात सेटेबेलो को निशाना बनाया।

# जनता का स्नेह और विश्वास ही जनसेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा : रेणु बाला गुप्ता

## महापौर ने चाय पर चर्चा में सुनी जनता की बात, विकसित भारत के संकल्प पर मंथन



**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वीरवार को पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल के निवास स्थान पर आयोजित 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठजनों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक एवं सफल नेतृत्व, देश को नई दिशा देने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से मंथन हुआ। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों और जनहितकारी पहलों पर अपने विचार साझा किए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के बीच संवाद और सहभागिता में निहित है। ऐसे कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर नागरिकों के सुझाव एवं विचार भी गंभीरता से सुने और उन्हें विकास कार्यों में प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद और जनभागीदारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे कार्यक्रम समाज और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद को और मजबूत बनाते हैं। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कार्यक्रम में मिले स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत के लिए सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का प्रेम, विश्वास और सहयोग ही उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनहित के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाता रहेगा। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप, पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनियों पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर, एडीसी अंकित चौकसे ने दिए सख्त निर्देश




पानीपत, 11 जून (हरप्रीत छत्तवाल) जिले में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जिला सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में चिन्हित अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अवैध कॉलोनियों, अनधिकृत निर्माणों तथा बिना स्वीकृति विकसित की जा रही परियोजनाओं की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों की सूचना प्राप्त हुई है, वहां सबसे पहले नोटिस चस्पा किए जाएं और उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित क्षेत्रों की विस्तृत जांच की जाए तथा वहां दिए गए बिजली कनेक्शनों की भी गहन पड़ताल की जाए। अंकित चौकसे ने कहा कि सरकार की अनुमति के बिना विकसित की जा रही कॉलोनियां न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि आम नागरिकों को भी भविष्य में विभिन्न सुविधाओं और कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एडीसी ने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ प्रशासन पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करेगा। जिन स्थानों पर नियमों की अवहेलना कर कॉलोनियां विकसित की गई हैं, वहां पहले नियमानुसार नोटिस जारी किए जाएंगे और उसके बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध विकास न हो। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे तथा किसी को भी नियमों से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।बैठक में एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, स्टेट ऑफिसर प्रतीक, नगराधीश टीनू पोसवाल, जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अमित मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान करना ...

डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने हेतु विशेष प्रोत्साहन पैकेज दिया जाए। उन्होंने हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर का एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाए तथा एआई और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हब के विकास के लिए विशेष केंद्रीय पैकेज प्रदान किया जाए। उन्होंने औद्योगिक मॉडल टाउनशिप, सेक्टर-विशिष्ट औद्योगिक पार्क, ग्रीन हाइड्रोजन तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी की। उन्होंने राष्ट्रीय नवाचार एवं अनुसंधान कोष में हरियाणा को प्राथमिकता प्रदान करने पर भी जोर दिया। बैठक में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब आपके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अमृतकाल में 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य की ओर गति से अग्रसर है। पिछले 12 वर्षों में एक नए भारत का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मध्य-पूर्व क्षेत्र में युद्ध जैसे हालात के दौरान लिए गए निर्णायक फैसलों ने विश्व मंच पर भारत के बढ़ते सामर्थ्य का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के विजन को आधार बनाकर हमने हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का योगदान करना है। इसके साथ-साथ हरियाणा को 40 लाख रुपये से अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला राज्य बनाना है।

**हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सबसे पहले लागू किया** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित मानव पूंजी के निर्माण की नींव प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से रख दी थी। हमने इस नीति को सबसे पहले लागू किया है। हमने स्कूलों में बच्चों का नामांकन व प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य में 17 हजार 859 'स्कूल रेडीनेस मेले' लगाए। इनमें दो लाख बच्चों व अढ़ाई लाख अभिभावकों ने भाग लिया। वर्ष 2018 से आरंभ की गई सुपर-100 योजना मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रही है। पिछले 5 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत 267 विद्यार्थियों ने ढ्ढ.ढ्ढ.ञ्ज, एन.आई.टी तथा मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है। सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 250 पी.एम.श्री स्कूल व 218 मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खोले जा चुके हैं। उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की इस कड़ी को एक स्तर आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा इसी वर्ष 250 सीएम ईई (चीफ मिनिस्ट्र एफिसिएंसी एंड अरली इंग्लिश) स्कूलों की स्थापना की गई है। बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में हर 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज खोला गया है। इस समय प्रदेश में 61 महिला कॉलेज चल रहे हैं। हरियाणा के उच्च शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमने नींव पोर्टल लॉन्च किया है। इस पर प्रदेश के सभी 187 कॉलेज और 47 विश्वविद्यालय जोड़े गए हैं।

**राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के क्रियान्वयन में हरियाणा अव्वल** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के क्रियान्वयन में हरियाणा अव्वल है। प्रति लाख जनसंख्या पर हमारे 1 हजार 520 युवा अप्रेंटिसशिप कर रहे हैं। यह संख्या देश में सर्वाधिक है। इस उपलब्धि के लिए हरियाणा को चैंपियन आफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल 'ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग' योजना का हरियाणा में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। आईटीआई की 20 प्रतिशत सीटों को ड्यूल ट्रेनिंग सिस्टम में बदला गया है। इस समय प्रदेश में लगभग 11 हजार बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना में प्रशिक्षण पाने वाले 70 प्रतिशत से अधिक युवाओं को रोजगार मिल रहा है। पीएम सेतू योजना के तहत 4 क्लस्टरों में 21 ढ्ढञ्जढ्ढ चिन्हित की गई हैं। हर क्लस्टर पर 241 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**हरियाणा खेलों का पावर हाउस** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को खेलों का पावर हाउस माना जाता है। हम आपके 'खेलो इंडिया' विजन से प्रेरणा लेते हुए खेलों को जन-आंदोलन बनाने में गति से काम कर रहे हैं। गर्व की बात है कि एशियन गेम्स-2026 के लिए चुनी गई भारतीय कुश्ती टीम में सभी 18 खिलाड़ी हरियाणा के हैं। हमने ऐसे खिलाड़ियों को बचपन से ही तैयार करने की नीति बनाई है। हम मिशन ओलंपिक-2036 के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस दिशा में मिशन ओलंपिक-2036 विजयी भव योजना तैयार की है।

**हरियाणा ने बनाई मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति-2026** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मानव पूंजी का वास्तविक मूल्य तभी है, जब उसे अवसर मिले। इसीलिए, हमने 'मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति-2026' तथा नौ नई सेक्टोरल नीतियां लागू की हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना और 10 लाख नए रोजगार सृजित करना है। हमने इसी माह एक तारीख को अपनी नई औद्योगिक नीतियां लॉन्च की और एक ही दिन में हमें 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 30 हजार करोड़ रुपये की एफ.डी.आई परियोजनाएं शामिल हैं। साथ ही 7 उद्योगों के लिए प्लॉट का आबंटन भी किया है। हरियाणा गंभीरता से मानव पूंजी के विकास में लगा हुआ है।

# करनाल स्मार्ट सिटी परियोजनाओं से हुई शहर की कायापलट

**करनाल, 11 जून ( परमजीत कौर ):** हरियाणा के अन्य जिलों की तरह करनाल ने भी पिछले 12 सालों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विशेष रूप से करनाल स्मार्ट सिटी की करोड़ों की परियोजनाओं ने शहर की कायापलट कर दी है। मजबूत बुनियादी ढांचे और सामाजिक सेवाओं के विस्तार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित करनाल हरियाणा के पुराने शहरों में एक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार करनाल शहर की स्थापना महाभारत के प्रसिद्ध योद्धा और दानवीर राजा कर्ण द्वारा की गई थी। यह शहर 29.68 डिग्री उत्तर और 76.98 डिग्री पूर्व में और समुद्र तल से 240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भौगोलिक रूप से यह शहर सिंधु-गंगा के मैदानों का हिस्सा रहा है। प्रदेश के इस जिला को मुख्य रूप से भारत के धान के कटोरे के रूप में जाना जाता है। वैसे तो हरियाणा गठन के बाद करनाल में भी अपेक्षित विकास कार्य हुए हैं लेकिन स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं ने शहर की तस्वीर ही बदल दी है। 23 जून 2017 को करनाल शहर का चयन स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 100 स्मार्ट सिटी शहरों की श्रेणी में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, नागरिकों को गुणवत्तापरक जीवन प्रदान करना, स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना, जीवन की समस्याओं को सुलझाना व कार्यों को अधिक कुशलता से करने के लिए उन्नत तकनीकों को लागू करना तथा स्मार्ट संसाधनों का अनुप्रयोग सुनिश्चित करना है। करनाल स्मार्ट सिटी लि. (केएससीएल) ने 930 करोड़ रुपये की 122 परियोजनाएं शुरू की हैं जिनमें से कुछ पूरी हो चुकी है और कुछ पर काम जारी है। इन पर केंद्र और हरियाणा सरकार की ओर से समान राशि खर्च की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा केएससीएल की समय सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च, 2027 किया जा चुका है। अब बात करते हैं स्मार्ट सिटी की कुछ प्रमुख परियोजनाओं की शहर को जाम से मुक्ति दिलाने और यातायात को सुचारू ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से 128.77 करोड़ की लागत से एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 15 जनवरी 2025 को शुरू किया गया था। कार्य इस साल 31 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। एकल स्तंभ पर बनाए जा रहे एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण दो खंडों में किया जा रहा है। यह शहर के मध्य रेलवे रोड विक्रम मार्ग से हरियाणा नर्सिंग होम और वाल्मीकि चौक से अंबेडकर चौक तक बनाया जा रहा है। प्रथम खंड की लंबाई 2.38 किमी और दूसरे की 980 मीटर है। दोनों खंडों में 85 स्तंभ हैं।



**शक्ति कॉलोनी में मिश्रित उपयोग विकास :** जमीन के बेहतर उपयोग और निवेश को आकर्षित करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर की शक्ति कॉलोनी में वाणिज्यिक ब्लाक ए और बी, महिला आश्रम, नारी निकेतन, ऑब्जर्वेशन सेंटर और कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल का निर्माण किया जा रहा है। 4 अगस्त 2022 को शुरू हुआ इन परियोजनाओं के निर्माण का कार्य 31 अगस्त तक पूरा होने की संभावना है। इन पर 106.97 करोड़ की लागत आएगी। पुरानी अनाज मंडी में 30.80 करोड़ की लागत बनाए जा रहे वाणिज्यिक स्थल निर्माण कार्य भी 31 जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है। यह परियोजना पूरी होने से नागरिकों के लिए व्यापार और आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे। वाणिज्यिक स्थल में भूतल पर 24 शोरूम, पहली मंजिल पर 34 दुकानें, दूसरी पर फूड कोर्ट और तीसरी मंजिल पर गेमिंग जोन का प्रावधान किया गया है। इसमें 190 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग के लिए दोहरी बेसमेंट का उपलब्ध रहेगी। खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सेक्टर 32 में 44.00 करोड़ की लागत से इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाया गया है। यहां अंतर्राष्ट्रीय मानक वाला तरणताल( स्विमिंग पूल), विशाल बेडमिंटन हॉल, 400 सीटों वाली दर्शक गैलरी आदि का निर्माण कराया गया है। स्विमिंग पुल में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए यहां बड़ी संख्या में तैराक नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

**कैलाश गांव में हॉकी स्टेडियम :** नजदीकी गांव कैलाश में 18.27 करोड़ की लागत से हॉकी स्टेडियम का निर्माण कराया गया है जिसमें स्प्रिंकर प्रणाली के साथ-साथ एफआईएच मानक एस्ट्रोटर्फ के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मुख्य हॉकी मैदान है। स्टेडियम में वीआईपी गैलरी सहित तीन दर्शक दीर्घाओं में 600 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। रात्रि मैचों के लिए हर खंभे पर 18 एलईडी लाइट्स के साथ चार हाई मास्ट लाइट लगाई गई हैं। बुजुर्गों के लिए सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण आश्रय स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेक्टर 32 में 10.10 करोड़ की लागत से ओल्ड एज होम बनाया गया है। इसके बेसमेंट को बहुउद्देश्यीय कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है। भूतल पर टीवी व इंडोर गेम रूम, डाइनिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन, विजिटर रूम, कार्यालय आदि सहित 14 कमरे बनाए गए हैं। यहां प्रथम मंजिल पर 14 और दूसरी पर 15 कमरे बनाए गए हैं जिनमें टीवी और गेम रूम आदि की सुविधाएं हैं। करनाल स्मार्ट सिटी लि. की ओर से पश्चिमी यमुना नहर के साथ पिकनिक व मनोरंजन स्थल विकसित किया गया है जिस पर 8.50 करोड़ की लागत आई है। यहां बना घाट त्यौहारों पर धार्मिक अनुष्ठानों की सुविधा प्रदान करता है। यहां नवीन तकनीक व प्रकाश की व्यवस्था के साथ आधुनिक फव्वारा, करीब 2.5 किमी लंबा पैदल ट्रैक बनाया गया है। इसके अलावा साइकिल ट्रैक, पेड़ों के साथ बैठने की जगह, ओपन जिम, योग प्लेटफॉर्म, पिकनिक हट आदि भी बनाए गए हैं। सेक्टर 9 में प्रशिक्षु और नियमित क्रिकेट खिलाडियों के लिए 1.84 करोड़ की लागत से क्रिकेट खेल मैदान विकसित किया गया है जिसका क्षेत्रफल 21568 वर्गमीटर है। इसके अलावा 106 वर्गमीटर में कॉमन हॉल बनाया गया है।

**अन्य परियोजनाएं :** सेक्टर 33 में 11.20 करोड़ की लागत से कम्युनिटी हॉल, लाइब्रेरी, बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया गया है। 153.37 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटिड कंट्रोल कमांड सेंटर तथा 38.35 करोड़ का स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग का प्रोजेक्ट पहले ही पूरा किया जा चुका है। विकास की यह रफ्तार न केवल शहर को एक नया लुक प्रदान कर रही है बल्कि नागरिकों के जीवन को और अधिक सरल बनाने में अहम साबित हो रही है। इसे 2047 तक विकसित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के संकल्प को साकार करने की कड़ी के रूप में भी देखा जा रहा है।

## COURT NOTICE

**In the Court of Sh. Jashanpreet Singh Benipal Civil Judge (Junior Division), Jind**
**CNR No. HRJN02-000373-2026**
**Next Date : 24.07.2026**
**CIS No. CS-221-2026**

Karambir, Dharambir, Mahavir ss/o Har Narayan S/O Chandgi, r/o Village Gosai Khera, Tehsil Julana, District Jind, Haryana

Versus

Govind Sahay

Suit For Declaration To The Effect That The Plaintiffs Are Owner In Possession Of The Land Comprised In Khewal No. 188 Khata No. 255 Rectangle No. 53 Kila No. 23/2 (2-2), 24/1 (7-3) Total Measuring 9 Kanal 5 Marla As Per Jamabandi For The Year 2012-13 Situated In The Revenue Estate Of Village Gosai Khera Tehsil Julana Distt. Jind.

Notice to: Govind Sahay S/o Dayala R/o Village Gosai Khera, Tehsil Julana, District Jind. Haryana

In above titled case the the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 24.07.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind

Dated this day of 08-06-2026

**Sd/- Sh. Jashanpreet Singh Benipal Civil Judge (Junior Division),Jind**

---

**In the Court of Ms. Diksha Dass Ranga Civil Judge (Senior Division), Yamunanagar at Jagadhri**
**CNR No. HRYN02-004023-2023**
**Next Date : 14.09.2026**

Union Bank Of India Branch At Jagadhri, Tehsil Jagadhri, Distt. Yamunanagar Through its Branch Manager Sh.Alok Roy

Versus

M/s Bharat Enterprises, Kailash Nagar, Near Rampura Shamshan Ghat. Yamunanagar, Tehsil Jagadhri, Distt. Yamunanagar Through Its Proprietor Neelam Oberoi W/O Bharat Bhushan Etc

**Suit For Recovery Of Rs.10,18,903.27/-**

Notice to: 1)M/S Bharat Enterprises, Kailashi Nagar Near Rampura Shamshan Ghat Yamuna Nagar Through its Prop Neelam Oberoi W/O Bharat Bhushan 2) Neelam Oberoi W/O Bharat Bhushan R/O H.No. 50-H, Professor Colony, Yamunanagar Being Proprietor Of M/S Bharat Enterprises

In above titled case the the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 14.09.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Yamunanagar

Dated this day of 29-05-2026

**Sd/- Civil Judge (Senior Division), Yamunanagar at Jagadhri**

## नाम परिवर्तन

मैं, इंदरजीत पुत्र श्री विजेंद्र सिंह, निवासी 347, नहारा (227), सोनीपत, हरियाणा-131103, यह घोषणा करता हूं कि मेरे पिता श्री विजेंद्र सिंह से संबंधित कुछ सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से जितेंद्र दर्ज हो गया है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मेरा सही नाम इंदरजीत है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले रायपुररानी में योग साधना का उत्साह

**तीन दिवसीय अभ्यास शिविर शुरू, पहले दिन 25 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास**

**रायपुररानी, 11 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रायपुररानी के नेताजी स्टेडियम में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल अभ्यास



शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन 25 प्रतिभागियों ने भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। 11 से 13 जून तक चलने वाले शिविर में प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 6:30 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल की जानकारी देने के साथ-साथ योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों से भी अवगत कराया जा रहा है। शिविर का आयोजन हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत विभाग और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी सतपाल प्रजापत एवं योग सहायक बलबीर सैनी ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास शिविर लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बना आत्मविश्वासी, सशक्त और विश्व में प्रभावशाली राष्ट्र : रेणु बाला गुप्ता

### महापौर ने की प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की मंगल कामना

**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रसेवा में सबसे लंबे कार्यकाल के ऐतिहासिक पड़ाव पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वार्ड नंबर-2 स्थित मंगलपुर के शिव मंदिर पहुंचकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व के लिए पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन की मंगल कामना की। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व राष्ट्रहित, जनसेवा, दूरदर्शी सोच और अथक परिश्रम का पर्याय बन चुका है। उन्होंने अपने नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण से देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी सशक्त और सम्मानजनक पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया और गरीब कल्याण जैसी अनेक योजनाओं ने देश के विकास को नई दिशा प्रदान की है। आज भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणा, विश्वास और संकल्प के प्रतीक हैं। उनका समर्पित जीवन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। देशहित सर्वोपरि की भावना के साथ उन्होंने जो कार्य किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्गदर्शक बने रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, असीम ऊर्जा और निरंतर सफलता प्रदान करें, ताकि उनका कुशल मार्गदर्शन देश को विकसित भारत के संकल्प की ओर और अधिक गति से अग्रसर करता रहे। इस अवसर पर पार्षद बेबी पाल, पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल, पूर्व चेयरमैन इलम सिंह, सतीश कुमार मित्तल, सुधीर पाल, पंकज पोसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



मंगलपुर के शिव मंदिर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व के लिए पूजा-अर्चना करती महापौर रेणु बाला गुप्ता।

## स्कूल बसों की ट्रैफिक पुलिस ने की जांच, चालकों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ):** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले में संचालित सभी स्कूल बसों की विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यातायात नियमों का पालन करवाना रहा। जांच अभियान के दौरान यातायात प्रभारी संदीप कुमार, बी.ई.ओ. सरस्वती नगर सर्वोदय गोयल तथा एम.वी.आई. अनिल तंवर विशेष रूप से मौजूद रहे। यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूलों के खुलने से पहले बसों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों तथा आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। इस दौरान बस चालकों व अटेंडेंटों (परिचारकों) को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बस चालकों को स्पष्ट रूप से कहा कि स्कूल बसों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं तथा किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरतें। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बस संचालकों को निर्देश दिए कि सभी बसों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह कार्यशील होने चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में रिकॉर्डिंग उपलब्ध हो सके। इसके अलावा बसों में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी गेट, जीपीएस सिस्टम तथा बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। चेकिंग अभियान के दौरान जिन बसों में छोटी-मोटी कमियां पाई गईं, उन्हें तुरंत दूर करने के निर्देश दिए गए।

## खेड़ी में जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**बरवाला, 11 जून ( प्रवीन कुमार ) :** गांव खेड़ी स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में चेतना स्वास्थ्य समिति एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेयजल गुणवत्ता,




पाइप लाइन जलापूर्ति, क्लोरीनेशन व्यवस्था तथा जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में गांव के विभिन्न स्रोतों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट की समीक्षा की गई तथा जलापूर्ति व्यवस्था में आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। क्लोरीनेशन की नियमितता एवं जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। सरपंच वंदना शर्मा ने लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल देते हुए पानी की बर्बादी रोकने का आह्वान किया। जिला सलाहकार अरजू चौधरी ने जल संरक्षण जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया, जबकि खंड समन्वयक नरेंद्र मोदगिल ने आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जल बचाने का संदेश पहुंचाने, विद्यालयों में बच्चों के माध्यम से अभियान चलाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर और बैनर लगाने का सुझाव दिया। बैठक में डॉ. अब्दुल बासित, डॉ. मधुरा, राय सिंह, निर्मल कुमार, पूनम, नरेंद्र मोदगिल, सरपंच वंदना शर्मा, अंशु बाला, मंजू बाला, राजेश कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे तथा बैठक का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।

## संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी बैठक : पराग गाबा

### करनाल में प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक आज, तैयारियों को लेकर लिया जायजा

**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** जिला कांग्रेस कमेटी करनाल के अध्यक्ष पराग गाबा ने 12 जून को करनाल में आयोजित होने वाली प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक की तैयारियों का निरीक्षण किया। यह बैठक हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। निरीक्षण के दौरान पराग गाबा ने अपनी टीम के साथ जाट धर्मशाला, सेक्टर-12 पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का विस्तृत जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पराग गाबा ने कहा कि करनाल की ऐतिहासिक एवं कर्मभूमि पर आयोजित होने वाली यह बैठक संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों, संगठनात्मक मजबूती तथा कार्यकर्ताओं के सुझावों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इसी उद्देश्य से प्रदेशभर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक करनाल में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 12 जून को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पूर्व विधायकों, वर्तमान विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के सुझावों एवं विचारों को सुना जाएगा तथा संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा होगी। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रदेशभर से पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों, सदस्यता विस्तार, जनहित के मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मंथन किया जाएगा। बैठक के समापन के बाद दोपहर 2 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह मीडिया को संबोधित करेंगे।



बैठक को लेकर तैयारियों का जायजा लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पराग गाबा।

## जीवन को सफल बना सकता है भगवान के नाम का स्मरण : आचार्य रविन्द्र कृष्ण

**तरावड़ी,11 जून ( छाया शर्मा ):** ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से गर्ग राइस मिल्स एवं गर्ग फाइन फूड्स तरावड़ी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्री ब्रज सेवा संस्थान वृंदावन के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रख्यात कथाव्यास आचार्य श्री रविन्द्र कृष्ण जी महाराज ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं भक्तों के प्रति उनकी करुणा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि कथा मनुष्य के भीतर छिपे अहंकार, क्रोध और लोभ को समाप्त कर उसे भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। आचार्य श्री रविन्द्र कृष्ण जी महाराज ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य सुख-सुविधाओं के बावजूद मानसिक शांति से दूर होता जा रहा है। ऐसे समय में श्रीमद्भागवत कथा जीवन को नई दिशा देने का कार्य करती है। भगवान के नाम का स्मरण और सत्संग ही मनुष्य के जीवन को सफल बना सकता है। कथा के दौरान प्रस्तुत की गई भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी एवं विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। झांकियों के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्य स्वरूपों के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन संध्या के दौरान कथाव्यास द्वारा गाए गए मधुर भजनों ने पूरे पंडाल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और राधे-राधे, 'जय श्रीकृष्ण तथा बद्री विशाल की जय के उद्घोषों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गर्ग फाइन फूड्स के सीएमडी रमेश गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग एवं रजत गर्ग ने कहा कि बद्रीनाथ धाम जैसे पावन तीर्थ में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन उनके लिए परम सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज को धर्म, संस्कृति एवं सनातन मूल्यों से जोड़ना है ताकि नई पीढ़ी अपनी आध्यात्मिक विरासत से परिचित हो सके। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक भव्य एवं दिव्य बना दिया। इस अवसर पर उद्योगपति रमेश गर्ग, घनश्यामदास गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग, गौरव गर्ग, रजत गर्ग, बृजभूषण गर्ग, महेश सिंगला, त्रिलोकी नाथ सिंगला, सुभाष सिंगला, सचिन गर्ग, मोनी, राजकुमार, इंद्रसैन, धनराज, सुरेश, आशुतोष, कौशल, हेमंत, रवि, नितेश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## 10 करोड़ गरीब महिलाओं पर कुठाराघात

मोदी सरकार की सबसे बड़ी उज्ज्वला योजना जिसका प्रचार-प्रसार देश और विदेश तक मोदी सरकार ने किया था अब इस योजना में सरकार लगातार कटौती करती चली जा रही है। इसको लेकर मोदी सरकार के प्रति एक नई अवधारणा बनना शुरू हो गई है, जिसमें यह कहा जा रहा है जिस योजना को सरकार अपनी सफलता के मानदंड में पिछले एक दशक से 10 करोड़ महिलाओं को सब्सिडी के गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की बात कर रही थी इस योजना में 1 वर्ष में पहले 12 सिलेंडर देने की व्यवस्था थी उसे घटाकर 9 किया गया फिर 6 किया गया और अब सरकार ने चार सिलेंडर देने का निर्णय किया है। उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ गरीब महिलाओं का पंजीयन है। 642 रुपए प्रति सिलेंडर में इन्हें 14 किलो का सिलेंडर मिल रहा था जो अब 12 से घटकर चार पर आ गया है। सरकार इसमें 25000 करोड़ रुपए की सब्सिडी को कम करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर गरीब महिलाओं की आंखों में आंसू नहीं आएं इसके लिए उज्जवला योजना का प्रचार सारे देश में, हर चुनाव में करते हैं। महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में जब सरकार ने मनरेगा योजना को अभी बंद करके रखा है इसी बीच उज्ज्वला योजना के सिलेंडर घटा कर सबसे गरीब महिलाओं के ऊपर कुठाराघात किया है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इस पर तीव्र कटाक्ष करते हुए सरकार को निशाने पर लिया है। कांग्रेस का कहना है मोदी सरकार गरीबों का निवाला छिनती चली जा रही है। वहीं दूसरी तरफ वह पूंजीपतियों को लगातार राहत पहुंचा रही है। केंद्र सरकार ने कच्चे तेल, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी में जो एक्साइज ड्यूटी घटाई है इसका लाभ कंपनियों को मिला है। उपभोक्ताओं से लगातार डीजल-पेट्रोल, एलपीजी के बड़े हुए दाम वसूल किये जा रहे हैं। अब तो हद हो गई है, पहले केंद्र सरकार ने मनरेगा को बंद किया, अब इसके बाद उज्ज्वला योजना के तहत जो एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी के दाम पर 10 करोड़ गरीब महिलाओं को मिल रहे थे अब उन महिलाओं को आर्थिक संकट में इस सरकार ने डाल दिया है। कांग्रेस ने इसे बहुत बड़ा मुद्दा बना लिया है। सरकार की आर्थिक स्थिति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उसमें उज्ज्वला योजना के तहत यदि सरकार गरीब महिलाओं को नाराज कर सकती है तो यह भी कहा जा रहा है, सरकार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। बीच में सोना बेचने की भी खबर आई थी। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई, लेकिन जिस तरह से सरकार की आर्थिक स्थिति को लेकर आए दिन नए-नए समाचार सुनने को मिल रहे हैं उसको देखते हुए अब सरकार के लिए चुनौतियां बढ़ती चली जा रही हैं। सरकार विभिन्न मामलों में जिस तरह से घिरी हुई है उसके बाद भी जब महंगाई, बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही हो सरकार के खिलाफ आंदोलन हो रहे हों, ऐसे समय पर सरकार यदि इस तरह के निर्णय ले रही है तो इसका यही अर्थ निकाला जा रहा है कि भारत सरकार गहरे आर्थिक संकट में फस गई है। आयात लगातार बढ़ता चला जा रहा है। डॉलर और अन्य विदेशी मुद्रा की तुलना में भारतीय रुपए में लगातार गिरावट बनी हुई है। विदेशी मुद्रा भंडार में भी जबरदस्त दबाव है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। खाद की सब्सिडी भी सरकार द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से कम की गई है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा सकता है, सरकार जिस तरह से निर्णय ले रही है उसको देखते हुए भविष्य में सरकार को कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। शेयर बाजार में भी लगातार गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है। बैंकों का पैसा बड़े पैमाने पर शेयर बाजार में लगा हुआ है। म्युचुअल फंड ने भी कंपनियों में बड़ा निवेश करके रखा है। यहां पर भी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को घाटा उठाना पड़ रहा है। उज्ज्वला योजना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता वाली योजना थी। 10 करोड़ महिलाओं को नाराज करना सरकार के लिए आसान नहीं था लेकिन यदि ऐसा निर्णय हुआ है तो निश्चित रूप से सरकार के ऊपर भयंकर आर्थिक दबाव है। महंगाई और बेरोजगारी को देखते हुए इस तरह की स्थिति सभी की चिंता को बढ़ा रही है।

### साधु की चिंता

महात्मा बुद्ध ने अपने शिष्यों को दीक्षा देने के बाद कहा,तुम जहां भी जाओगे, वहां तुम्हें अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के लोग मिलेंगे। अच्छे लोग तुम्हारी बातें सुनेंगे और सहायता करेंगे। बुरे लोग तुम्हारी निंदा करेंगे और गालियां देंगे। तब तुम्हें कैसा लगेगा? एक गुणी शिष्य ने कहा,मैं किसी को बुरा नहीं समझता। कोई मेरी निंदा करेगा या मुझे गालियां देगा तो मैं समझूंगा कि वह भला व्यक्ति है क्योंकि उसने मुझे सिर्फ गालियां ही दीं, मुझ पर धूल तो नहीं फेंकी। बुद्ध ने पूछा,और यदि कोई तुम पर धूल फेंक दे तो? मैं उसे भला ही कहूंगा क्योंकि उसने धूल ही तो फेंकी, थप्पड़ तो नहीं मारा। और यदि कोई थप्पड़ मार दे तो क्या करोगे?मैं उन्हें बुरा नहीं कहूंगा क्योंकि उन्होंने मुझे थप्पड़ ही मारा, डंडा तो नहीं मारा। मैं उसे धन्यवाद दूंगा क्योंकि उसने मुझे केवल डंडे से ही मारा, हथियार से नहीं ।लेकिन मार्ग में तुम्हें डाकू भी मिल सकते हैं जो तुम पर घातक हथियार से प्रहार कर सकते हैं। तो क्या? मैं तो उन्हें दयालु ही समझूंगा, क्योंकि वे मारते ही हैं, मार नहीं डालते और यदि वे तुम्हें मार ही डालें तो? शिष्य बोला,इस जीवन और संसार में केवल दुख ही है। जितना अधिक जीवित रहूंगा उतना दुख देखना पड़ेगा। जीवन से मुक्ति के लिए आत्महत्या करना तो महापाप है। शिष्य के वचन सुनकर बुद्ध बोले-तुम धन्य हो। वास्तव में तुम सच्चे साधु हो। सच्चा साधु किसी भी दशा में दूसरे को बुरा नहीं समझता। जो दूसरों में बुराई नहीं देखता, वही सच्चा परिव्राजक होने के योग्य है। मुझे विश्वास है तुम सदैव धर्म के मार्ग पर चलोगे।

# मोदी युग में जनविश्वास, सुशासन एवं विकसित भारत की स्वर्णिम यात्रा

– विनोद कुमार सिंह

10 जून 2026 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिवस के रूप में दर्ज हो गया है,जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबी अवधि तक लगातार देश की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए। 4,399 दिनों की निरंतर सेवा के साथ उन्होंने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि केवल एक राजनीतिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास, नेतृत्व की स्वीकार्यता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहाँ जनता ही सर्वोच्च है ।यहाँ सत्ता का वास्तविक आधार केवल चुनावी जीत नहीं,बल्कि जनता के मन में स्थापित विश्वास होता है। कोई भी नेता लंबे समय तक जनता का समर्थन तभी प्राप्त कर सकता है जब उसकी नीतियां जनकल्याणकारी हों,उसकी नीयत स्पष्ट हो और उसके निर्णय राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हों ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह ऐतिहासिक उपलब्धि इसी जनविश्वास की कहानी कहती है। जब नेतृत्व में नीयत साफ हो।

जब संकल्प राष्ट्रहित का हो॥

तब इतिहास केवल लिखा नहीं जाता ।बल्कि नई पीढ़ियों के लिए गढ़ा जाता है। ॥

एक साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचने की नरेंद्र मोदी की यात्रा भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और संभावनाओं का जीवंत उदाहरण है ।संगठन के एक समर्पित कार्यकर्ता से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री तक का उनका सफर संघर्ष,अनुशासन और निरंतर कर्म की प्रेरक गाथा है ।यही कारण है कि देश की जनता ने उन्हें बार-बार अपना विश्वास प्रदान किया है ।वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने स्वयं को प्रधान सेवक कहा था ।उस समय इसे एक राजनीतिक अभिव्यक्ति माना गया था, लेकिन बीते बारह वर्षों में यह शासन की एक कार्यशैली के रूप में उभरकर सामने आई ।गरीब,वंचित, किसान, महिला,युवा और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की अवधारणा शासन का प्रमुख आधार बनी ।पिछले बारह वर्षों में भारत में कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार अभूतपूर्व स्तर पर देखने को मिला है ।करोड़ों परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए। गाँव-गाँव तक बिजली पहुंची। उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली ।जल जीवन मिशन के जरिए घरों तक नल से जल पहुंचाने का प्रयास किया गया ।शौचालय निर्माण अभियान ने ग्रामीण भारत में सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी बदलाव की नई शुरुआत की।



जनधन योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा ।प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) ने सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुँचाया,जिससे भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका में कमी आई ।मुफ्त राशन योजना ने संकट के समय करोड़ों परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की ।आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा का कवच उपलब्ध कराया।

जिस घर में पहली बार उजियारा पहुँचा । जिस आंगन में सम्मान का दीप जला ।।वहीं से विकसित भारत का सपना जन-जन के विश्वास में ढलता चला ॥ गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और आर्थिक अवसरों के विस्तार ने करोड़ों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भूमिका निभाई है। यह केवल सरकारी आंकड़ों का विषय नहीं,बल्कि उन परिवारों की वास्तविक कहानी है जिन्होंने पहली बार विकास को अपने जीवन में महसूस किया।

युवा शक्ति को भारत की सबसे बड़ी पूंजी मानते हुए सरकार ने कौशल विकास,नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया। स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए ।आज भारत दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है। डिजिटल भुगतान, फिनटेक और नवाचार के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक पहचान बनाई है। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं ।चंद्रयान मिशन की सफलता ने विश्व मंच पर भारत की वैज्ञानिक क्षमता का परिचय दिया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बना। यह उपलब्धि केवल वैज्ञानिक सफलता नहीं,बल्कि आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर भारत की पहचान भी है।

युवा हाथों में जब नवाचार हो ।

विज्ञान में जब आत्मविश्वास हो ॥

तब चंद्रमा की दूरी भी कम लगती हो।

और भारत विश्व का विश्वास बनता है ॥

महिला सशक्तिकरण प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल का एक महत्वपूर्ण आयाम रहा है ।उज्ज्वला योजना, मातृत्व लाभ, मुद्रा योजना, स्वयं सहायता समूहों का विस्तार और लखपति दीदी अभियान जैसे कार्यक्रमों ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को नए आयाम देने वाला कदम माना जा रहा है ।महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार बनाने की सोच ने सामाजिक परिवर्तन की नई दिशा दिखाई है ।गाँवों से लेकर शहरों तक आज महिलाएं उद्यमिता,शिक्षा, प्रशासन और राजनीति में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों की अर्थव्यवस्था का आधार किसान हैं ।इसी सोच के साथ किसानों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार,न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, कृषि तकनीक को बढ़ावा और कृषि निर्यात में वृद्धि जैसे कदमों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है ।पशुपालकों और मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं से जोड़ा गया ।कृषि क्षेत्र में विविधीकरण और आधुनिक तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया गया। यह ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की एक प्रमुख विशेषता बड़े और कठिन निर्णय लेने की क्षमता रही है। ऐसे अनेक विषय,जो दशकों से राजनीतिक चर्चा का हिस्सा थे लेकिन निर्णय की प्रतीक्षा में थे, उन्हें अमल में लाया गया ।जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का निर्णय हो, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करना हो,वन रैंक वन पेंशन योजना हो या तीन तलाक के विरुद्ध कानून—

# इंडिया गठबंधन के पांच फैसलों से विपक्ष को मिली नई संजीवनी

– सौरभ वार्ष्णेय

अभी हाल ही में 5 राज्यों के चुनावों के बाद देश की राजनीति में विपक्षी दलों के गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की बैठक में लिए गए पांच प्रमुख निर्णय केवल राजनीतिक घोषणाएं नहीं हैं, बल्कि केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष की आगामी रणनीति का खाका भी प्रस्तुत करते हैं। इन निर्णयों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि विपक्ष चुनावी पारदर्शिता, शिक्षा, आर्थिक चुनौतियों और संसदीय समन्वय जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस बैठक से कुछ हद तक क्षेत्रियों दलों को संजीवनी मिलती दिखाई दे रही है। वहीं कांग्रेस पार्टी प्रदेशों में इन समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं। अच्छी बात यह ही कि आज भी इस विपक्षी खेमे में 23 दलों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

1. मतदाता सूची और चुनावी निष्पक्षता का मुद्दा = बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मतदाता सूची में कथित हेरफेर, विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावों की निष्पक्षता पर उठे प्रश्नों के संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा जाएगा। यह निर्णय दर्शाता है कि विपक्ष चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाना चाहता है। लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव उसकी आत्मा होते हैं। यदि मतदाता सूची या चुनावी प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न होता है तो लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है। हालांकि इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि सभी पक्ष तथ्यात्मक प्रमाणों और संवैधानिक प्रक्रियाओं के आधार पर अपनी बात रखें। मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने का निर्णय विपक्ष द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से अपनी चिंता व्यक्त करने का प्रयास माना जा सकता है। 2. शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग= बैठक का दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग से जुड़ा है। हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, अनियमितताओं और प्रशासनिक विफलताओं के आरोप लगातार सामने आए हैं ।लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य इन परीक्षाओं से जुड़ा होता है। जब परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठते हैं तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि पूरे भर्ती तंत्र की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। यद्यपि इस्तीफा मांगना विपक्ष का राजनीतिक अधिकार है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। देश के युवाओं को राजनीतिक बयानबाजी से अधिक भरोसेमंद व्यवस्था की आवश्यकता है ।3. आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी और महंगाई पर सर्वदलीय बैठक की मांग = विपक्ष ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और आर्थिक चुनौतियों पर केंद्र सरकार से तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है ।यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आर्थिक मुद्दे सीधे आम नागरिकों के जीवन से जुड़े हैं। रोजगार के अवसर, बढ़ती कीमतें, कृषि संकट और आय असमानता जैसे विषय केवल राजनीतिक बहस नहीं बल्कि जनजीवन की वास्तविक चुनौतियां हैं ।सर्वदलीय बैठक की मांग यह संदेश देती है कि विपक्ष इन मुद्दों पर राष्ट्रीय सहमति और व्यापक चर्चा चाहता है। यदि सरकार इस दिशा में पहल करती है तो लोकतांत्रिक संवाद को मजबूती मिल सकती है। वहीं यदि यह मांग अनसुनी रहती है तो विपक्ष इसे जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास कर सकता है। 4. प्रत्येक दो माह में बैठक का निर्णय= गठबंधन ने प्रत्येक दो माह में नियमित बैठक करने तथा अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में आयोजित करने का निर्णय लिया है ।गठबंधन राजनीति में सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न दलों के बीच समन्वय बनाए रखना होती है। पिछले अनुभव बताते हैं कि कई विपक्षी गठबंधन आंतरिक मतभेदों के कारण कमजोर पड़ गए। ऐसे में नियमित बैठकों का निर्णय गठबंधन को सक्रिय और संगठित बनाए रखने का प्रयास है ।हैदराबाद में अगली बैठक आयोजित करने का फैसला दक्षिण भारत को राजनीतिक रूप से अधिक महत्व देने की रणनीति का भी संकेत माना जा सकता है। इससे गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है ।5. मानसून सत्र में संसदीय समन्वय= बैठक का पांचवां निर्णय संसद के मानसून सत्र से जुड़ा है। सभी दलों ने प्रतिदिन समन्वय बैठक आयोजित करने और संसद के भीतर एकजुट रणनीति अपनाने पर सहमति व्यक्त की है ।संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यदि विपक्ष समन्वित ढंग से कार्य करता है तो वह सरकार को अधिक प्रभावी ढंग से जवाबदेह बना सकता है। यह निर्णय संकेत देता है कि विपक्ष आगामी सत्र में बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, चुनावी पारदर्शिता और किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा। राजनीतिक मायने = इन पांच निर्णयों से तीन बड़े संदेश निकलकर सामने आते हैं— विपक्ष चुनावी पारदर्शिता को बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की तैयारी में है। युवा, रोजगार और शिक्षा जैसे जनसरोकारों को केंद्र में रखकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जा रही है ।गठबंधन अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर 2029 की राजनीतिक चुनौतियों के लिए दीर्घकालिक तैयारी करना चाहता है। जनबंधन की बैठक के निर्णय विपक्ष की सक्रियता और एकजुटता का संकेत देते हैं। चुनावी पारदर्शिता, शिक्षा व्यवस्था, आर्थिक चुनौतियां और संसदीय समन्वय जैसे मुद्दे लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं।




# पर्यावरण संरक्षण:प्राकृतिक संसाधनों को माफिया से मुक्त कराने की चुनौती

–एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

पर्यावरण संरक्षण केवल एक नीति विषय नहीं बल्कि नैतिक, संवैधानिक, सामाजिक और मानवीय दायित्व बन चुका है।

प्राकृतिक संसाधनों को ज़ब माफियाओं और अवैध दोहन से मुक्त किया जाएगा,तभी एक स्वच्छ, सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानपूर्ण भारत तथा टिकाऊ विश्व व्यवस्था का निर्माण संभव होगा । वैश्विक स्तरपर विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष हमें यह स्मरण कराता है कि स्वच्छ पर्यावरण केवल प्रकृति का विषय नहीं बल्कि मानव अस्तित्व, संवैधानिक मूल्यों और सभ्यता के भविष्य का प्रश्न है। जल, जंगल, जमीन, स्वच्छ वायु और जैव विविधता केवल संसाधन नहीं हैं, बल्कि जीवन के आधार स्तंभ हैं। दुर्भाग्यवश आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में प्राकृतिक संसाधनों का अवैध और अनियंत्रित दोहन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है ।अवैध रेत खनन,जंगलों की कटाई भूजल का अंधाधुंध दोहन,नदियों के तटों का विनाश तथा वन्य संसाधनों की तस्करी ने पर्यावरणीय संतुलन को गहरा आघात पहुंचाया है ।अनेक स्थानों पर तथाकथित रेती माफिया,वन माफिया,जल माफिया और भूमि माफिया संगठित रूप से कार्य कर रहे हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति तब उत्पन्न होती है,जब शासन और प्रशासन के कुछ तत्वों पर इन अवैध गतिविधियों के प्रति उदासीनता या मिली भगत के आरोप लगते हैं। परिणामस्वरूप पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाए गए कानून और नीतियां कागजों तक सीमित रह जाती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र सीनियर एडवोकेट ओम मेठी साहब को समर्पित इस आर्टिकल के माध्यम से कहना चाहूंगा क़ि यदि प्राकृतिक संसाधनों को इन अवैध तंत्रों से मुक्त कर प्रभावी संरक्षण सुनिश्चित किया जाए,तो पर्यावरण संरक्षण अभियान को वास्तविक गति और सुचारिता प्राप्त हो सकती है ।पृथ्वी केवल वर्तमान पीढ़ी की संपत्ति नहीं है; यह आने वाली पीढ़ियों की अमानत है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं बल्कि सटीक रूप से नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। साथियों भारतीय संविधान की मूल भावना केवल शासन संचालन तक सीमित नहीं है। संविधान का उद्देश्य ऐसा समाज स्थापित करना है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो ।इसी कारण पर्यावरण संरक्षण को भारतीय संवैधानिक दर्शन का अभिन्न अंग बनाया गया ।वर्ष1976 में हुए 42 वें संविधान संशोधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को विशेष संवैधानिक महत्व प्रदान किया गया। संविधान के अनुच्छेद 48(क) में राज्य को निर्देश दिया गया कि वह पर्यावरण, वन तथा वन्यजीवों की रक्षा और संवर्धन करेगा। इसी प्रकार अनुच्छेद 51(क)(ग) प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य निर्धारित करता है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, जिसमें वन, झीलें, नदियां और वन्यजीव शामिल हैं, की रक्षा और संवर्धन करे तथा जीवधारियों के प्रति करुणा रखे। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है,की न्यायिक व्याख्या ने स्वच्छ पर्यावरण को जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा बना दिया है। अनुच्छेद 47 सार्वजनिक स्वास्थ्य के संवर्धन को राज्य का कर्तव्य घोषित करता है ।इस प्रकार संविधान स्पष्ट रूप से यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण कोई वैकल्पिक नीति नहीं बल्कि राज्य और नागरिक दोनों की साझा जिम्मेदारी है। साथियों भारतीय न्यायपालिका ने पर्यावरणीय न्यायशास्त्र के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों में यह स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामलों की श्रृंखला ने पर्यावरणीय कानूनों के क्रियान्वयन को नई दिशा दी ।गंगा प्रदूषण,ताजमहल संरक्षण, औद्योगिक प्रदूषण और वाहन उत्सर्जन से जुड़े मामलों में न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि स्वच्छ जल और प्रदूषणमुक्त वायु का अधिकार अनुच्छेद 21 के अंतर्गत संरक्षित है। वेल्लोर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम बनाम भारत संघ मामले में न्यायालय ने सतत विकास, प्रदूषक भुगतान सिद्धांत तथा पूर्व सावधानी सिद्धांत को भारतीय कानून का हिस्सा माना। टी.एन. गोदावर्मन प्रकरण में वन संरक्षण की व्यापक व्याख्या की गई और वनों की अवैध कटाई पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण आदेश दिए गए। विभिन्न उच्च न्यायालयों ने भी नदियों, झीलों, भूजल और हरित क्षेत्रों के संरक्षण को नागरिकों के जीवन के अधिकार से जोड़ते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। न्यायपालिका का यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासनिक विषय नहीं बल्कि मौलिक अधिकारों का प्रश्न है। साथियों, पर्यावरण संरक्षण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने समय-समय पर अनेक कानून बनाए हैं। प्रमुख कानूनों में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974; वन संरक्षण अधिनियम, 1980; वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981; पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986; जैव विविधता अधिनियम, 2002; राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 तथा विभिन्न खनन और वन्यजीव संरक्षण संबंधी कानून शामिल हैं। राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, भूजल प्राधिकरण तथा स्थानीय निकाय पर्यावरणीय नियमों के पालन हेतु जिम्मेदार हैं। परंतु समस्या कानूनों के अभाव की नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की है ।अनेक क्षेत्रों में अवैध खनन अतिक्रमण और प्राकृतिक संसाधनों की लूट यह संकेत देती है कि निगरानी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है ।उपग्रह निगरानी,ड्रोन सर्विलांस, डिजिटल खनन ट्रैकिंग, ई- परमिट व्यवस्था और सामाजिक लेखा परीक्षा जैसे उपायों को मजबूत बनाना होगा। साथ ही, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में संलिप्त संगठित अपराध समूहों तथा उनके संरक्षणकर्ताओं के विरुद्ध

# शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बोले-विकास कार्यों में नहीं रहेगी धन की कमी, हर वार्ड में मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

## डेयरी एरिया में 8 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ, 10 करोड़ की लागत से बनेगा राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा



पानीपत, 11 जून(हरप्रीत छत्तवाल) प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल विकास योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें तय समय सीमा में धरातल पर उतारना है। पानीपत के प्रत्येक वार्ड में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर शहर को विकास की नई पहचान दी जाएगी। जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। यह बात हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ अवसर पर कही।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गुरुवार को पानीपत के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने वार्ड नंबर-21 स्थित डेयरी एरिया में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत क्षेत्र में सडकें, गलियां, नालियां, सीवर व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटें तथा कम्युनिटी हॉल का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं से राहत मिलेगी।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने वार्ड नंबर-21 के लिए एक और बड़ी सौगात की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में जल्द ही राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल बनाया जाएगा। लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट की नगर निगम स्तर की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि आगामी एक माह के भीतर इसका टेंडर जारी कर दिया जाएगा, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। यह स्विमिंग पूल खिलाडियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार खेलों और खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। वार्ड नंबर-14 स्थित सेक्टर-25 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने ट्रक यूनियन की पार्किंग को पक्का करने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया। लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली यह पार्किंग आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी, जिससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं वार्ड नंबर-26 में सेक्टर-6 की सभी गलियों को मॉडल तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की गई। इस परियोजना के तहत गलियों का आधुनिक तरीके से निर्माण किया जाएगा तथा क्षेत्र में साइकिल ट्रैक भी बनाया जाएगा। इससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।वार्ड नंबर-21 में पहुंचने पर पार्षद संजीव दहिया ने क्षेत्रवासियों के साथ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का जोरदार स्वागत किया। वहीं वार्ड नंबर-26 में पार्षद कुसुम भट्ट तथा वार्ड नंबर-14 में पार्षद बिट्टू प्रजापत ने अपने समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों के साथ शिक्षा मंत्री का अभिनंदन किया। सभी कार्यक्रमों में पानीपत की मेयर कोमल सैनी तथा नगर निगम आयुक्त पंकज यादव शिक्षा मंत्री के साथ मौजूद रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि सेक्टर-25 ट्रक यूनियन पार्किंग का पक्का होना लंबे समय से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की मांग रही है। लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह आधुनिक पार्किंग शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ ट्रांसपोर्टरों को भी बड़ी सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के नेतृत्व में पानीपत में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है ताकि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। विधायक ने कहा कि विकास ही सरकार की प्राथमिकता है और जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। लोगों ने क्षेत्र में शुरू की गई विकास परियोजनाओं और प्रस्तावित स्विमिंग पूल को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया।

# पुरानी मोटरों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित, ग्रामीणों ने लगाई नई मोटर की गुहार

**कलायत,11 जून ( सूबे सिंह मोर ):** गांव बालू की बिढाण पट्टी स्थित



पुरानी डिग्गी में लगी पेयजल सप्लाई की मोटरों के जर्जर होने से ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गुरदेव सिंह, ईश्वर सिंह, सत्ता राम सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उनका कहना है कि वाटर बॉक्स में लगी मोटरें करीब पांच दशक पुरानी हैं, जिनकी क्षमता कम होने के कारण बार-बार खराबी आती रहती है और पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने बताया कि नई आधुनिक मोटरें लगवाने के लिए कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है। अधिकारियों द्वारा महा ग्राम योजना के तहत गांव का प्रस्ताव और एस्टीमेट उच्च अधिकारियों को भेजे जाने की बात कही जा रही है, लेकिन लंबे समय बीतने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द समस्या का समाधान कर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उधर, जन स्वास्थ्य विभाग के जेई रवि पूनिया ने बताया कि महा ग्राम योजना के अंतर्गत आवश्यक फील्ड डाटा उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मोटरें काफी पुरानी हैं, हालांकि समय-समय पर उनकी मरम्मत करवाई जा रही है और वे कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के अनुसार गांव में पेयजल की कोई गंभीर समस्या नहीं है तथा मोटर बदलने की प्रक्रिया प्रस्तावित योजना के तहत आगे बढ़ाई जाएगी।

# यदि हम प्रकृति को बचाएंगे तो प्रकृति हमें बचाएगी : रेणु बाला गुप्ता

## महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विधायक राम कुमार कश्यप के साथ किया पौधारोपण, दिया संदेश



महापौर रेणु बाला गुप्ता व विधायक राम कुमार कश्यप पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए।

**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने हरियाणा विधानसभा के चीफ व्हिप एवं विधायक राम कुमार कश्यप तथा स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर पौधे रोपित किए और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। वीरवार को मंगलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि यह अभियान केवल पौधा लगाने की औपचारिकता नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का जीवंत भाव है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों को जीवन, सुरक्षा और स्नेह देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, शुद्ध वायु, छाया और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। महापौर ने कहा कि यदि हम प्रकृति को बचाएंगे तो प्रकृति हमें बचाएगी। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्षारोपण ही सबसे प्रभावी समाधान है, जिसे जन-आंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे अपनी जिम्मेदारी समझकर संरक्षित करे। यह छोटा सा कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा परिवर्तन ला सकता है। मां के सम्मान में लगाया गया एक पेड़ केवल पौधा नहीं, बल्कि जीवन, आस्था और भविष्य की सुरक्षा का प्रतीक है। इस अवसर पर पार्षद बेबी पाल, पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल, पूर्व चेयरमैन चौधरी इलम सिंह सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को मिलकर निरंतर जारी रखने और इसे जनभागीदारी आधारित आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि यदि हर नागरिक प्रकृति के संरक्षण में भागीदार बने, तो हरियाली और संतुलित पर्यावरण का सपना साकार हो सकता है।

# नगर निगम का बड़ा एक्शन, अवैध व्यावसायिक भवन पर पीला पंजा चलाकर किया ध्वस्त

## चार बार नोटिस देने के बाद भी नहीं रुका निर्माण, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ढहाया व्यवसायिक भवन





**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ):** अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए व्यावसायिक संपत्तियों को खड़ा करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने अपना रुख बेहद कड़ा कर लिया है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के सख्त निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए निगम की टीम ने वीरवार को जगाधरी-यमुनानगर रोड पर वार्ड नंबर छह में सफायर होटल के पास अनअप्रूव्ड (अवैध) एरिया में बन रहे एक बड़े व्यावसायिक भवन को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। भवन मालिक को निगम की ओर से लगातार चार बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्माण कार्य न रोके जाने के बाद हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 261 और 262 के तहत भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस बड़ी कार्रवाई के लिए जिला उपायुक्त प्रीति द्वारा नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उनकी देखरेख में सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) मृणाल जायसवाल, भवन निरीक्षक हरेंद्र सिंह और निगम के अन्य कर्मचारियों की टीम दो जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और अवैध इमारत को मलबे में तब्दील कर दिया।

**लगातार अनदेखी पड़ी भारी, चार बार दिए गए थे नोटिस :** ड्यूटी मजिस्ट्रेट व कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह व सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) मृणाल जायसवाल ने बताया कि कुछ महीने पहले नगर निगम को सूचना मिली थी कि सफायर होटल के पास अनअप्रूव्ड एरिया में एक व्यावसायिक भवन का अवैध निर्माण किया जा रहा है। जांच करने पर सामने आया कि भवन मालिक ने न तो नगर निगम से कोई नक्शा पास करवाया था और न ही वह जमीन व निर्माण से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर पाया। जिस पर उसे काम रोकने के निर्देश दिए गए और चार बार नोटिस दिया गया। **निगम ने कानूनी प्रक्रिया के तहत कदम उठाए :** पहला नोटिस, साधारण नोटिस देकर काम तुरंत रोकने को कहा गया, पर काम जारी रहा। दूसरा नोटिस, काम न रुकने पर भवन मालिक को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी किया गया। तीसरा नोटिस, व्यक्तिगत सुनवाई (पर्सनल हेयरिंग) के लिए बुलाया गया, लेकिन मालिक ने कोई जवाब नहीं दिया। चौथा व अंतिम नोटिस, भवन को तोड़ने का अंतिम अल्टीमेटम दिया गया, जिसकी भी अनदेखी की गई।

**दो जेसीबी की मदद से ढहाए गए पिलर और दीवारें :** लगातार नोटिसों की अवहेलना करने के बाद निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने इस अवैध कमर्शियल बिल्डिंग को जमींदोज करने के अंतिम आदेश जारी किए। वीरवार को जैसे ही निगम का दस्ता पुलिस बल और दो जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा, तो वहां हड़कंप मच गया। जेसीबी की मदद से पहले भवन की नई बनी दीवारों को तोड़ा गया और उसके बाद कंक्रीट के मजबूत पिलरों समेत पूरे ढांचे को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।

**अवैध निर्माण करने वालों को निगमायुक्त की सीधी चेतावनी :** इस बड़ी कार्रवाई के बाद नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर के प्रॉपर्टी डीलरों और अवैध निर्माणकर्ताओं को सीधी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सीमा के भीतर कहीं भी अवैध भवन निर्माण या अनधिकृत कॉलोनियों के विकास को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति बिना नक्शा पास कराए या अवैध कॉलोनियों में निर्माण करने का जोखिम न उठाए। यदि भविष्य में भी कोई ऐसा करता हुआ पाया गया, तो निगम बिना कोई ढील दिए उसके खिलाफ इसी प्रकार की ध्वस्तीकरण की सख्त कार्रवाई अमल में लाएगा।

# खंड कर्यालय में योग प्रशिक्षण द्वारा किया जागरुक

**मूनक,11 जून ( जयभगवान ):** जागरूकअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा मूनक ब्लॉक में योग जागरूकता एवं



प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के निर्देशानुसार बी.डी.पी.ओ. कार्यालय, मूनक में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर मुनक ब्लॉक इंचार्ज डॉ. रितेश चहल की देखरेख में आयोजित किया गया, जो लगातार तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान करना तथा योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा योग के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. भावना गुप्ता, सरपंच फूलकमारी, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश,डॉ. विनीता कुंडू, डॉ. सतीश, फार्मासिस्ट जयराज, अभिषेक , नीरज, राजेश देवगन, सोहन लाल एवं कुसुम तथा योग सहायक सुमन संधु और ओमप्रकाश सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत जिला पुलिस का नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार

# ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत 150 पुलिसकर्मियों ने आजाद नगर, शांति कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर की सघन छापेमारी



**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ):** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन के निर्देशों पर नशे को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से ऑपरेशन मैदान 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में यमुनानगर जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अभियान के तहत वीरवार सुबह आजाद नगर, शांति कॉलोनी सहित और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वीरवार की सुबह आजाद नगर, शांति कॉलोनी सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध ठिकानों की जांच, तलाशी और निगरानी को और अधिक मजबूत किया गया। अभियान में करीब 150 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर नशा तस्करों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व डीएसपी मुख्यालय कमलजीत सिंह ने किया। उनके साथ थाना प्रभारी शहर यमुनानगर नरेंद्र कुमार, एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार, रामपुरा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सहित विभिन्न थाना और चौकियों के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस टीमों ने क्षेत्र में कई स्थानों पर जांच अभियान चलाया और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। डीएसपी कमलजीत सिंह ने अभियान के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में नशा तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नशा तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे या तो नशा तस्करी का धंधा छोड़ दें या फिर जिला छोड़ दें। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है। नशा समाज और परिवार दोनों को नुकसान पहुंचाता है, इसलिए इसके खिलाफ जनसहयोग भी जरूरी है। पुलिस लगातार ऐसे लोगों की पहचान कर रही है जो नशे के कारोबार में शामिल हैं और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मैदान 2.0 के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से छापेमारी, निगरानी और जांच अभियान चलाए जाएंगे। इसके साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में संलिप्त है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस का कहना है कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे। अभियान के माध्यम से नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप का माहौल देखा गया।

# संवेदनशीलता, जवाबदेही और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अधिकारी करें कार्यः अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे

## जन शिकायतों का समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी



पानीपत, 11 जून(हरप्रीत छत्तवाल) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है, वहीं संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।इसी कड़ी में गुरुवार को जिला सचिवालय सभागार में जनता समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने की। उन्होंने शिविर में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंशा है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं एवं समाधान उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि जनता समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं, जिनके जरिए लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों का समाधान करना उनकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रत्येक अधिकारी को संवेदनशीलता, जवाबदेही और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करना चाहिए। एडीसी ने कहा कि आमजन की संतुष्टि ही प्रशासन की सफलता का वास्तविक पैमाना है। इसलिए सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और उसका समय पर समाधान हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करना पुलिस विभाग की प्राथमिकता है तथा लोगों की शिकायतों का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें अधिकांश शिकायतें क्रीड विभाग से जुड़ी हुई थीं। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी शिकायतों का गहनता से अध्ययन कर निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें। शिविर में गांव डिडवाड़ी के जगदीश, राजपाल, सतबीर और तेजवीर ने क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग उठाई। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। वहीं एक अन्य प्रार्थी सरोज ने राशन कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। दो अन्य व्यक्तियों ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए अपनी समस्या प्रशासन के समक्ष रखी। प्रार्थी प्रदीशा ने निराश्रित पेंशन स्वीकृत कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त कई अन्य नागरिकों ने फैमिली आईडी में त्रुटियों के सुधार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतों का समाधान किया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनता समाधान शिविरों के माध्यम से उनकी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंच रही हैं और उनके समाधान की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सरल एवं प्रभावी हुई है। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण, डीआरओ कनब लाकड़ा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन राजेश भारद्वाज, सुरेंद्र जोगी, आरटीओ डॉ. नीरज जिंदल, कृषि विभाग के सहायक अभियंता सुधीर, पुलिस कंप्लेंट अधिकारी सुरेश, संजीव शर्मा, जोगिंदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्लोब हेरिटेज में लाइफ स्किल्स विषय पर सीपीडी कार्यक्रम का आयोजन

### विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए जीवन कौशल का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : अमित सिंघल

**लाडवा, 11 जून ( रामगोपाल ) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रभावशाली इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का विषय लाइफ स्किल्स रहा, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को जीवन कौशलों की अवधारणा, उनके महत्व तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास में उनकी भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बदलते सामाजिक और शैक्षिक परिवेश में केवल



शैक्षणिक उपलब्धियाँ ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, प्रभावी संचार तथा भावनात्मक संतुलन जैसे जीवन कौशलों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे कक्षा-कक्ष में ऐसी शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दें जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता को मजबूत करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीबीएसई रिसोर्स पर्सन एवं मास्टर ट्रेनर अमित सिंघल ने अपने प्रशिक्षण सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित दस प्रमुख जीवन कौशलों—आत्म-जागरूकता, सहानुभूति, प्रभावी संचार, पारस्परिक संबंध, निर्णय-निर्माण, समस्या समाधान, रचनात्मक चिंतन, आलोचनात्मक चिंतन, भावनाओं का प्रबंधन तथा तनाव प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन कौशल विद्यार्थियों को केवल बेहतर विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और सफल नागरिक बनने में भी सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों, केस स्टडीज़ और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार शिक्षक दैनिक शिक्षण प्रक्रिया में जीवन कौशलों को प्रभावी ढंग से समाहित कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि नई शिक्षा नीति और सीबीएसई के समग्र विकास आधारित दृष्टिकोण में लाइफ स्किल्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए समूह चर्चाओं, चिंतन गतिविधियों और अनुभव साझा करने के माध्यम से विषय की गहन समझ विकसित की। कार्यक्रम ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के सामाजिक-भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए नवीन दृष्टिकोण और व्यावहारिक रणनीतियाँ प्रदान कीं।

# करनाल से पहली बार सांवरिया सेठ दर्शन के लिए रवाना हुई बस यात्रा

### – श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय बस यात्रा रवाना

**करनाल, 11 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से गुरुवार को चार दिवसीय धार्मिक बस यात्रा का शुभारंभ बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को राजस्थान और अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। वहीं करनाल जिले से सांवरिया सेठ मंदिर के दर्शन के लिए रवाना होने वाली यह पहली बस यात्रा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला तथा श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर किया। बस रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समिति अध्यक्ष प्रमोद मंगला ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को दिल्ली खाटू श्याम धाम, जयपुर, श्रीनाथजी मंदिर, सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम व सांवरिया सेठ मंदिर सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चार दिनों की इस यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए रहने, खाने की व्यवस्था समिति की ओर से की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रमोद मंगला ने बताया कि समिति पिछले कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से धार्मिक




यात्राओं का आयोजन कर रही है। समिति द्वारा समय-समय पर श्रद्धालुओं को खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी, वृंदावन तथा अन्य प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्राएं करवाई जाती रही हैं। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक पर्यटन नहीं बल्कि लोगों को आध्यात्मिकता से जोड़ना और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में धार्मिक यात्राएं लोगों को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं। तीर्थस्थलों के दर्शन से व्यक्ति के विचारों में शुद्धता आती है तथा समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना को बल मिलता है। धार्मिक यात्राएं नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

इस अवसर पर रेनू मंगला, जतिन मंगला, जोगिंद्र, अमन गोयल, संजू गोयल, संजीव मित्तल सहित अनेक श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को मिली रफ्तार

### नागपुर में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रतिया, 11 जून ( अमन सेठी ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागपुर में ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। पतंजलि योग समिति एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के योग साधकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ,सरपंच व पंचगण को कॉमन योग प्रोटोकॉल का सूक्ष्म व वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान किया




जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र में पतंजलि योग समिति के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला, संजीव गोयल तथा आयुष योग प्रशिक्षक मंजु ने प्रतिभागियों को ग्रीवा चालन, स्कंध चालन,कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शलभासन,प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का विधिवत अभ्यास करवाया। विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक आसन के लाभ व सावधानियों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अपने संबोधन में जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं,बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। 21 जून को होने वाले सामूहिक योगाभ्यास में इसी मानकीकृत प्रोटोकॉल का अनुसरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोगी, मन शांत और आत्मा प्रफुल्लित रहती है। यह तनावमुक्त जीवन की कुंजी है। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित होकर लौटे साधक अब अपने गांव-मोहल्लों में जन-जागृति अभियान चलाकर योग को घर-घर तक पहुंचाएंगे। आयुष अधिकारी जसविन्द्र सिंह ने कहा कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को योग से जोड़कर उन्हें स्वस्थ,ऊर्जावान व सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। स्वस्थ भारत का सपना तभी साकार होगा जब योग हर व्यक्ति की दिनचर्या बने। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि संजीव कंबोज, पंचायत समिति सदस्य रमेश कुमार, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय नागपुर से सतबीर डी.ई.ओ. सहित पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों, आयुष विभाग के अधिकारियों व सैकड़ों योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

# तेजली स्टेडियम में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ) :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तेजली स्टेडियम में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा व चेयरमैन हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में यह शिविर 11 से 13 जून 2026 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षा विभाग व आयुष विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने कहा कि योग शिक्षा का अभिन्न अंग है। शिक्षकों व विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।



इस तरह के शिविर से शिक्षक स्वयं सीखकर स्कूलों में बच्चों को भी योग के लिए प्रेरित करेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। प्रशासनिक कार्यों के तनाव को कम करने में योग की अहम भूमिका है। सभी कर्मचारियों को इसे दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। शिविर के पहले दिन जिला योग विशेषज्ञ डॉ. शिव सैनी द्वारा सभी प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। डॉ. शिव कुमार सैनी ने ताड़ासन, भद्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, कपालभाति व नाड़ीशोधन प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए प्रत्येक आसन के महत्व और लाभ के बारे में विस्तार से बताया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर से वे स्वयं तो लाभान्वित होंगे ही, साथ ही आमजन को भी योग के लिए प्रेरित कर सकेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

# बाबा बंसी वाले वृद्ध आश्रम मे गीत संगीत कार्यशाला का भव्य समापन

**लाडवा, 11 जून ( रामगोपाल ) :** संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा व बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम व अन्नक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 17 दिवसीय ग्रीष्मकालीन गीत-संगीत कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। समापन समारोह में समाजसेवी दुर्गेश गोयल मुख्यातिथि थे जबकि समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी सचिन गर्ग ने की। मुख्यातिथि दुर्गेश गोयल ने




दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समापन समारोह में कला, संगीत और लोक नृत्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रशिक्षुओं ने जूनियर व सीनियर ग्रुप में अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं ने हारमोनियम पर सरगम व तबले और ढोलक पर तीन ताल की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। गायन सीखने वाले प्रशिक्षुओं ने भी अपने गायन से उपस्थित लोगों की वाहवाही बटोरी। संगीत निर्देशक दिलावर कौशिक व उनकी टीम ने भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। इस विशेष कार्यशाला में स्थानीय कलाकारों सहित बड़ी संख्या में बच्चे और युवा हिस्सा लिया जिन्हें संगीत की बारीकियों से रूबरू कराया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों और युवाओं में गायन तथा वादन सीखने को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षुओं में 72 साल के बुजुर्ग से लेकर 6 साल के बच्चे शामिल थे जिन्होंने हारमोनियम, तबला, ढोलक, गायन का प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए दुर्गेश गोयल ने कहा कि संगीत न केवल कलात्मक विकास करता है बल्कि जीवन में अनुशासन और नैतिक संस्कारों का भी निर्माण करता है। इस अवसर पर विकास सिंघल, पवन गोयल, अनुज गोयल, राजकुमार सैनी, सुरेश कंसल, सुनील गर्ग, मंडी प्रधान राजीव आर्य, तिलकराज गुप्ता, मुकेश गर्ग, जितेंद्र सिंह, रुमित गर्ग, नवीन गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जैन संस्कार शिविर का हुआ समापन

### बच्चों में संस्कार और नैतिकता की ज्योति जगाई

**सफीदों, 11 जून ( एस. के. मित्तल ) :** श्री एस.एस. जैन सभा, सफीदों मंडी के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन जैन संस्कार शिविर का बुधवार को भव्य समापन हुआ। पूज्य संयम प्रभा कमल महाराज की सुशिष्या रत्न पूज्य ज्योति प्रभा महाराज (ठाणे-3) के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में बच्चों को धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों की गहन शिक्षा प्रदान की गई। शिविर के दौरान बच्चों को जैन धर्म के सिद्धांतों, अहिंसा, सत्य, संयम और सदाचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर की विशेष बात यह रही कि इसमें बच्चों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन में संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा भी दी गई। बच्चों ने भजन, प्रार्थना, श्लोक, धार्मिक कथाओं और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्राप्त किया। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित हुई। इस शिविर में पांच श्राविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और बच्चों को शिक्षित किया। इनमें सरोज जैन का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिन्होंने बच्चों को सरल और रोचक तरीके से धार्मिक शिक्षा दी।



शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रभावनाओं का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चों में धार्मिक भावना के साथ-साथ सेवा और सहयोग की भावना भी विकसित हुई। श्री एस.एस. जैन सभा के प्रधान संदीप जैन ने बताया कि पूज्य महाराज साहब की प्रेरणा से आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए ज्ञान और संस्कारों का अमूल्य संगम रहा।

उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में जहां बच्चे तकनीक की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार के शिविर उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में परमा एकादशी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, गूंजे श्री श्याम के जयकारे

### – एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का हुआ आयोजन





**करनाल, 11 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में परमा एकादशी बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को सुंदर-सुंदर फूलों से सजाया गया। परमा एकादशी पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। सभी भक्तों के हाथों में गुलाब के फूल नजर आ रहे थे।

एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं खुब कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को परमा एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने बताया कि कृष्ण पक्ष की एकादशी को परमा एकादशी मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।

इस एकादशी का व्रत समस्त पापों का नाश करता है, दरिद्रता दूर करता है और साधक को बैकुंठ धाम प्रदान करता है। इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर एकादशी पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

करनाल सहित दूर-दूर लोग दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वहीं देसराज गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर परिसर में रोजाना ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई जा रही है, ताकि लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण गोयल, अशोक सिंघला, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दस्तावेज़-विहीन टिप्पर जब्त

### रामगढ़ नाके पर जांच के दौरान खनन सामग्री से भरा वाहन पकड़ा, खनन विभाग को दी सूचना




**रायपुररानी, 11 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पंचकूला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़ क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान खनन सामग्री से भरे एक टिप्पर को रोककर जांच की, जिसमें परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज़ नहीं पाए गए। इसके बाद वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ चौकी प्रभारी तजिन्द्र पाल सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान रामगढ़ नाके पर एक टिप्पर को रोककर उसके दस्तावेज़ों की जांच की गई। पुलिस द्वारा चालक से ई-रवाना बिल, परमिट और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ मांगे गए, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज़ों की अनुपलब्धता को देखते हुए पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर रामगढ़ चौकी में खड़ा करवा दिया। साथ ही मामले की जांच और नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित खनन विभाग को भी सूचित कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में नरवाना मे गड़बड़ियों पर मंत्री बेदी सख्त, दो दिन में दोबारा सर्वे के निर्देश

**नरवाना, 11 जून ( नरेन्द्र ) :** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चल रहे सर्वेक्षण कार्य में सामने आई खामियों को गंभीरता से लेते हुए हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अधिकारियों को दो दिनों के भीतर पुनः जीरो टैगिंग एवं फोटोयुक्त सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी योग्य व्यक्ति को इससे वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। योजना के सर्वेक्षण कार्य के अंतिम चरण में पहुंचने पर अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट तैयार की जा रही थी। इसी बीच मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने योजना के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से अपने निजी सहायक जसवीर नैन, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र हथो तथा पंचायत सचिव की टीम को गांव भाणा ब्राह्मण में निरीक्षण के लिए भेजा। निरीक्षण





के दौरान सर्वेक्षण प्रक्रिया में कई खामियां और विसंगतियां सामने आईं। टीम द्वारा तैयार रिपोर्ट मंत्री को सौंपे जाने के बाद उन्होंने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से दोबारा सर्वे कराने के निर्देश जारी किए। मंत्री बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे में पात्र लोगों के नाम छूटना या सर्वेक्षण में त्रुटियां होना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनः सर्वे के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाए और प्रत्येक पात्र परिवार का सही आंकलन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यदि किसी पात्र परिवार का नाम सर्वेक्षण में छूट गया है तो पुनः सर्वे के माध्यम से उसे भी योजना का लाभ दिलाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा साफ है हर पात्र परिवार को पक्का घर मिले और कोई भी जरूरतमंद सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# विदेशी नंबर से नाबालिग से मांगी 15 लाख की फिरौती

*सफीदों में सनसनी, पुलिस की कई टीमें जांच में जुटी*




**सफीदों, 11 जून ( एस. के. मित्तल ) :** नगर के वार्ड नंबर 11 स्थित गीता कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक नाबालिग युवक को विदेशी नंबर से कॉल कर 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। घटना के सामने आते ही इलाके में दहशत का माहौल बन गया, वहीं पीड़ित परिवार भयभीत है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है और जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। इसके अलावा साइबर क्राइम टीम विदेशी नंबर की लोकेशन और कॉल के स्त्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सफीदों पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी गौरव शर्मा सीआईए टीम और साइबर क्राइम यूनिट के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से विस्तार से बातचीत कर हर पहलू को समझने का प्रयास किया और संभावित सुराग जुटाने की कोशिश की। परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उनके घर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11 निवासी राकेश शर्मा ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 जून की शाम करीब छह बजे उनके बेटे के मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप के जरिए एक अज्ञात विदेशी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने सीधे तौर पर 15 लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो अंजाम बेहद गंभीर होगा। इस अचानक आई धमकी से नाबालिग युवक और उसका परिवार पूरी तरह घबरा गया। शिकायत में राकेश शर्मा ने बताया कि कॉल करने वाले ने उन्हें दो दिन का समय दिया था। इसके बाद 9 जून की सुबह करीब 11 बजे फिर उसी अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसे उन्होंने नहीं उठाया। इसके तुरंत बाद फोन पर एक मैसेज आया जिसमें दोबारा फिरौती की मांग दोहराई गई। इसके बाद लगातार कई बार कॉल और मैसेज कर परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। मैसेज में लिखी गई भाषा बेहद आपत्तिजनक और डर पैदा करने वाली थी। उसमें कहा गया कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

**क्या लिखा था मैसेज में :** मैसेज में लिखा था कि जय बलकारी, हा भाई तेरे को बताया था दो दिन का समय है तेरे पास और तू हमको इग्नोर कर रहा है या तो हमारा काम करदे नहीं तो बहुत बुरा होगा। जो तूने सोचा भी नहीं है उसे भी बुरा करेंगे अगर प्यार से मान जाएगा तो फायदे में रहेगा नहीं तो बहुत गलत करेंगे तेरे साथ सोच ले 24 घंटे का समय और दे रहे है तेरे को या तो जो हमने बोला है वो करदे नहीं तो परिवार को भी दुख देखना पड़ेगा। जो ये तू सपोर्टर को बीच में लेके आ रहा वे तो माँग गए माफी जिसके पास जाना है चला जा पुलिस प्रशासन किसी के पीछे भाग ले नहीं छोड़ेंगे, पैसा चाहिए तो देना पड़ेगा नहीं तो चाहे तू दिल्ली हो या सफीदों वहां भी मरवा देंगे लास्ट 24 घंटे है तेरे पास। जय बलकारी जय गौ माता की।

# सूई चौकीदार की तरफ घूम रही थी, लेकिन निकला चोरों का गिरोह, सीआईए- 3 ने छह चोरों को दबोचा

*स्कूल और आंगनबाड़ी को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश*



**निसिंग, 11 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** क्षेत्र में लगातार स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही चोरियों से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली है। सीआईए-3 करनाल ने कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले छह युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल करवाने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी गांव बसतली के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई चोरी में शामिल थे। आरोपियों ने स्कूल से मिड-डे मील का सामान, गैस सिलेंडर, गेहूं, बर्तन और अन्य सामान चोरी कर लिया था। इस वारदात की पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। जानकारी के अनुसार, यही गिरोह क्षेत्र के अन्य गांवों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्कूलों को भी निशाना बना चुके थे। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए थे कि उन्हें न तो पुलिस का डर था और न ही ग्रामीणों का। रात के अंधेरे में सरकारी संस्थानों और किसानों की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ किया जा रहा था। लगातार बढ़ रही चोरियों के कारण ग्रामीणों में भारी रोष था। सीआईए-3 की इस कार्रवाई को क्षेत्र में बड़ी सफलता माना जा रहा है। बसतली के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई चोरी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस चोरी के बाद स्कूल के चौकीदार पर भी संदेह की उंगलियां उठने लगी थीं, उसी मामले में अब सीआईए-3 करनाल ने छह चोर गिरोह को गिरफ्तार कर पर्दाफाश कर दिया है। आरोपियों को मेडिकल करवाने के बाद अदालत में पेश किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले बसतली स्कूल में रात के समय चोरों ने मिड-डे मील का सामान, गैस सिलेंडर, गेहूं, बर्तन और अन्य सामान चोरी कर लिया था। हैरानी की बात यह थी कि स्कूल में चौकीदार तैनात होने के बावजूद चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। चोरी के बाद ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ था कि कहीं चौकीदार की मिलीभगत तो नहीं है। सुई सीधे चौकीदार की ओर घूम रही थी। जांच में सामने आया है कि आरोपी केवल बसतली स्कूल ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के अन्य सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी निशाना बनाया था। लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं। सरकारी संस्थानों से लेकर किसानों के खेत तक सुरक्षित नहीं थे। रात होते ही चोर सक्रिय हो जाते थे, जिससे लोगों में भय और आक्रोश का माहौल था।

ऐसे में सीआईए-3 की कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है।अब सवाल यह भी उठ रहा है कि जब स्कूल में चौकीदार मौजूद था तो चोर इतनी आसानी से अंदर कैसे घुस गए और सामान लेकर कैसे निकल गए। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।

# 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन : एसडीएम देवेंद्र शर्मा

*डुप्लीकेट और दोहरी वोटिंग को समाप्त कर मतदाता सूची को पारदर्शी बनाना मुख्य उद्देश्य, किसी भी पात्र व्यक्ति की वोट नहीं काटी जाएगी*

*1 जुलाई 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा बनवा सकेंगे वोट*

**करनाल, 11 जून ( सुमन लता ) :** एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शिता के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से काटा नहीं जाएगा, केवल अपात्र व्यक्ति का नाम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाता सूची से हटाया जाएगा। इसके अलावा 1 जुलाई 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवा भी अपनी वोट बनवा सकेंगे और मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी देवेंद्र शर्मा वीरवार को अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 5 जून से 14 जून तक बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण किया जाएगा। 21 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिनका निपटारा संबंधित ईआरओ द्वारा 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। ईआरओ के निर्णय से असंतुष्ट होने पर मतदाता जिला निर्वाचन अधिकारी को दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। इस निर्णय के विरूद्ध भी राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति दर्ज करवा सकते है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। एसडीएम देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाने के लिए उपमंडल स्तर पर कल बीएलओ की अंतिम चरण की ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद सभी बीएलओ घर-घर जाकर नागरिकों को एनीमेशन फॉर्म (घोषणा फॉर्म) उपलब्ध कराएंगे। मतदाता स्वयं इस फॉर्म को भरकर बीएलओ को वापस सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि करनाल विधानसभा क्षेत्र के सभी 234 बूथों पर बीएलओ की नियुक्ति की जा चुकी है, और उनकी निगरानी के लिए 26 सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। सभी राजनीतिक दलों ने भी इस प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अपने बीएलए 1, बीएलए 2 नियुक्त कर दिए हैं। एक सवाल के जवाब में एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई परिवार घर पर नहीं मिलता है, तो वे कम से कम 3 बार उस घर का दौरा करेंगे। इसके अलावा, नागरिक स्वयं भी निर्वाचन कार्यालय या अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपना फॉर्म जमा करा सकते हैं। दूसरे राज्यों या ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में दोहरी वोट होने के सवाल पर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति की वोट दो जगह बनी है, तो नागरिक स्वयं फॉर्म में घोषणा करेगा कि वह किस पते पर अपनी वोट रखना चाहता है। प्राप्त घोषणा के आधार पर ही सूची को अपडेट किया जाएगा।



**वोट काटना नहीं, शुद्धिकरण है एसआईआर का उद्देश्य,अफवाहों पर न दें ध्यान**

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि इस अभियान के तहत किसी भी वैध मतदाता की वोट को काटा नहीं जा रहा है, बल्कि यह केवल शुद्धिकरण की प्रक्रिया है ताकि डुप्लीकेट वोटों को हटाया जा सके और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सकें। यदि किसी को प्रक्रिया से कोई शिकायत होती है, तो वे तय समयानुसार प्रथम अपील और उसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं। उन्होंने करनाल की जनता से अपील की कि वे इस लोकतांत्रिक अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें, अपने वोट की जांच करें और जिन पात्र नागरिकों ने अब तक अपना वोटर आईडी कार्ड नहीं बनवाया है, वे तुरंत अपने बीएलओ या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर अपनी वोट अवश्य बनवाएं। इस मौके पर चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा, डी आई पी आर ओ सत्यवान महिवाल मौजूद रहे।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर घर सर्वे अभियान शुरू किया जाएगा : डॉ कुलदीप सिंह



**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ) :** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ कुलदीप सिंह ने कहा कि 5 जून से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) शुरू हो गया है जिसके अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं की वेरिफिकेशन की जाएगी। एसआईआर से जुड़े सभी कार्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि सभी राजनीतिक दल आयोग के निर्देशानुसार जल्द से जल्द बीएलए की नियुक्ति करें। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह वीरवार को अपने कार्यालय में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर)से संबंधित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि एसआईआर का उद्देश्य किसी की वोट का काटना नहीं अपितु यह गहन पुनरीक्षण का कार्य मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें ताकि वे इस प्रक्रिया में मदद कर सकें। उन्होंने बताया कि एसआईआर की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसके तहत बीएलओ का प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री वितरण 5 से 14 जून तक किया जा रहा है , जबकि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक, मतदान केंद्रों को रेशनलाइजेशन 14 जुलाई तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक रहेगी, जबकि दावे और आपत्तियों का निपटान 21 जुलाई से 18 सितंबर, 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर, 2026 को होगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ और चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें तथा सही जानकारी उपलब्ध करवायें। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जा रही है जिसके अंतर्गत 1200 से अधिक मतदाताओं वाले सभी मतदान केंद्रों को समायोजित किया जाएगा या नए मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि यदि नए मतदान केन्द्र स्थापित करने से सम्बन्धित आपका कोई सुझाव हो तो निर्वाचक पंजीयन अधिकारी व्यासपुर के कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, साढ़ौरा के नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह, इलेक्शन कानूनगो रजत कुमार, लिपिक मोहित व शिवम अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें : विकास शर्मा



**बाबैन, 11 जून ( राजेश कुमार ) :** शिवालय मंदिर बाबैन परिसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी की अगुवाई में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस मौके पर महंत त्रिकाल गिरी जी महाराज, मंडल महासचिव अनिल टाटकी, भीम बेरथला, रिंकू कश्यप, प्रदीप विंट व कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। पौधरोपण कार्यक्रम के उपरांत भाजपा मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र के कारण मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के आह्वान पर एक पौधा माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु, छाया तथा प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। यदि आज हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। विकास शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर, खेत, विद्यालय, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा पर्यावरण बचाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम में कई भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार व रात्रि ठहराव 18 जून को

**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ) :** नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार जिला के गांवों में जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा 18 जून 2026 दिन वीरवार को दोपहर 2 बजे विवाह स्थल, गांव पालेवाला, खंड रादौर, उपमण्डल रादौर में जनता दरबार तथा सायं 4.30 बजे आम जनता की शिकायतों की सुनवाई व निवारण के लिए रात्रि ठहराव उपायुक्त प्रीति की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। नगराधीश ने बताया कि डीसी प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उपरोक्त कार्यक्रम में निश्चित तिथि, समय व स्थान पर सभी अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार कार्यक्रम के दौरान अपने से छोटे अधिकारी/कर्मचारी को बिना अनुमति के न भेजा जाए। आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए।

## नि:शुल्क परामर्श शिविर 14 जून को



**शाहाबाद मारकंडा, 11 जून ( रूबी ) :** इंद्रा आई.वी.एफ. द्वारा 14 जून को किशनगढ़ रोड़ स्थित संजीवनी अस्पताल में नि:शुल्क शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक डा. एच.के. धीमान ने बताया कि शिविर में निसंतान दंपत्ति परामर्श लेकर अपने जीवन में खुशियां ला सकते है। उन्होंने बताया कि शिविर में योग्य डॉक्टरों द्वारा जांच की जाएगी और उचित परामर्श दिया जाएगा।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया



**शाहाबाद मारकंडा, 11 जून ( रूबी ) :** श्री बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर सभा के प्रधान सुधीर सूद ने बताया कि भंडारे की सेवा राम नारायण व उनके परिवार द्वारा की गई। सर्वप्रथम भगवान श्री राम को भोग लगवाया गया। परिवार द्वारा विधिवत्त पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। भजनीकों द्वारा राम नाम आधार जिन्हें वो जग में रह बनाते हैं जिन ओर कृपा राम करें वो पत्थर भी तर जाते हैं जैसे सुंदर भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर सभा की ओर से प्रधान सुधीर सूद सहित सदस्यों ने परिवार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अशोक भाटिया, अनमोल छाबड़ा, विजय बठला, अमरनाथ नाथ शर्मा, रमेश आहूजा, राजिन्दर, कमल, जगदीश, रोशनी, संतोष, हरिदास प्रकाश, कोमल, राजीव गर्ग, विजय, पवन, सोनू, कमल, चाँदनी, अजय, माया राम, सुखबीर, पूजा, रानी, रजनी, रोशनी आदि उपस्थित थे।

## 14 जून तक कराएं आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट : डॉ. आनंद कुमार शर्मा

**करनाल, 11 जून ( मीनाक्षी देवी ) :** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नागरिक 14 जून तक अपने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। यह मुफ्त सेवा केवल माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी है। नागरिक खुद भी http://uidai.gov.in/ वेबसाइट पर जाकर इसे अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कराया जा सकता है।

## मर्दान हेड़ी ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया




**असंध, 11 जून ( दलसिह मान ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय सशक्त पंचायत समारोह में हरियाणा की ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। इस दौरान विकास, स्वच्छता और सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मर्दान हेड़ी ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार से सम्मानित किया। सरपंच कुलदीप मल्ली ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत मर्दान हेड़ी असंध ब्लॉक में सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत के तौर पर विधायक योगेन्द्र राणा 2 लाख रुपए का ईनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर चुके है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत ग्राम पंचायत मर्दान हेड़ी को सम्मानित किया जा चुका है। सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# पुरानी मोटरों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित, ग्रामीणों ने लगाई नई मोटर की गुहार



**कलायत, 11 जून ( सूबे सिंह मोर ) :** गांव बालू की बिढाण पट्टी स्थित पुरानी डिग्गी में लगी पेयजल सप्लाई की मोटरों के जर्जर होने से ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गुरदेव सिंह, ईश्वर सिंह, सत्ता राम सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उनका कहना है कि वाटर बॉक्स में लगी मोटरें करीब पांच दशक पुरानी हैं, जिनकी क्षमता कम होने के कारण बार-बार खराबी आती रहती है और पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने बताया कि नई आधुनिक मोटरें लगवाने के लिए कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है। अधिकारियों द्वारा महा ग्राम योजना के तहत गांव का प्रस्ताव और एस्टीमेट उच्च अधिकारियों को भेजे जाने की बात कही जा रही है, लेकिन लंबे समय बीतने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द समस्या का समाधान कर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उधर, जन स्वास्थ्य विभाग के जेई रवि पूनिया ने बताया कि महा ग्राम योजना के अंतर्गत आवश्यक फील्ड डाटा उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मोटरें काफी पुरानी हैं, हालांकि समय-समय पर उनकी मरम्मत करवाई जा रही है और वे कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के अनुसार गांव में पेयजल की कोई गंभीर समस्या नहीं है तथा मोटर बदलने की प्रक्रिया प्रस्तावित योजना के तहत आगे बढ़ाई जाएगी।

# इ्यूटी पर जा रहे बिजली कर्मी पर जानलेवा हमला

### 2 नामजद सहित 10-12 युवकों पर केस दर्ज

**सफीदों, 11 जून ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों में बदमाशों ने दिनदहाड़े ड्यूटी पर जा रहे एक बिजली कर्मी पर जानलेवा हमला कर दिया। यह वारदात नहर पुल के पास गुरुद्वारा के समीप हुई, जहां दो गाड़ियों में सवार 10 से 12 युवकों ने युवक को घेरकर उस पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सिल्ला खेड़ी निवासी प्रदीप जो कि बिजली विभाग में कार्यरत है, अपनी ड्यूटी पर पानीपत थर्मल प्लांट जा रहा था। जैसे ही वह सफीदों के घोड़ा पुलिया नहर पुल के पास पहुंचा, पीछे से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। अचानक हुई टक्कर के कारण प्रदीप संतुलन खो बैठा और बाइक सहित सड़क पर गिर गया। पीड़ित प्रदीप ने बताया कि जैसे ही वह जमीन पर गिरा, तुरंत दो कारों में सवार 10 से 12 युवक मौके पर पहुंचे और उसे घेर लिया। आरोपियों के हाथों में धारदार हथियार थे और उन्होंने बिना किसी बात के उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान प्रदीप को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही लहूलुहान हो गया। प्रदीप के अनुसार हमलावरों के पास अवैध हथियार भी थे, जिससे उन्होंने उसे डराने और जान से मारने की कोशिश की। जब उसने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़े। लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए और जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल प्रदीप को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल के बयान दर्ज किए। जांच अधिकारी सुभाष ने बताया कि प्रदीप के बयान के आधार पर गांव सिंघाना निवासी अनमोल व अमर को नामजद किया गया है, जबकि अन्य 10 से 12 अज्ञात युवकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाविप की मासिक बैठक संपन्न-नए सदस्यों का हुआ स्वागत



**रतिया, 11 जून ( अमन सेठी ) :** भारत विकास परिषद शाखा रतिया की मासिक बैठक गुरुवार सायं पूजा स्वीट्स, मेन बाजार रतिया में शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शाखा के विभिन्न प्रकल्पों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शाखा सचिव लोकेश खुराना ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। बैठक में सभी गतिविधि संयोजकों द्वारा अपने-अपने प्रकल्पों में टोली के प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया। संस्कार गतिविधि संयोजक गुरविंदर सिंह ने आगामी अक्टूबर माह में शाखा रतिया द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी सदस्यों से सहयोग का आह्वान किया। उपस्थित सदस्यों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला ने अपने संबोधन में आगामी 10 जुलाई को भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सदस्यों ने सकारात्मक चर्चा की। जिला समयवा साहिल चीलाना ने शाखा में सदस्य वृद्धि एवं संगठन के विस्तार पर अपने विचार रखे। बैठक के दौरान शाखा के नए सदस्य राजवंश कंबोज, हिमांशु मलिक, माधव गर्ग, कपिश बंसल एवं सीए एलिश गोयल का वरिष्ठ सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में शाखा के सभी दायित्वधारी, गतिविधि संयोजक, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवा गतिविधि संयोजक जनक राज गोयल ने बताया कि संपर्क गतिविधि संयोजक एडवोकेट नरेन्द्र मलिक एवं पर्यावरण गतिविधि संयोजक नितेश अग्रवाल द्वारा पिछले कई दिनों से परिषद परिवारों के घर-घर जाकर एक पौधा, एक संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सदस्यों से आत्मीय संपर्क स्थापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है तथा पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान को सदस्यों का उत्साहजनक सहयोग मिल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बैठक में सदस्यों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।
बैठक के उपरांत सभी सदस्यों ने शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला के घर पौत्र जन्म की खुशी में आयोजित स्नेहभोज में सहभागिता कर परिवार को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# वुमेन एरा फाऊंडेशन ने वितरित किए 151 कसौरे

### पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने का किया आह्वान



**सफीदों, 11 जून ( एस. के. मित्तल ) :** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के जेसीज भवन में श्री कृष्ण कृपा परिवार के तत्वावधान में चल रहे कीर्तन के दौरान एक सराहनीय सामाजिक पहल देखने को मिली। वूमेन एरा फाउंडेशन द्वारा श्रद्धालुओं के बीच पक्षियों के लिए 151 मिट्टी के कसौरे नि:शुल्क वितरित किए गए। संस्था की अध्यक्ष गीतांजलि कंसल ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तापमान बढ़ने के कारण पक्षियों को पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है, ऐसे में यदि हर व्यक्ति अपने घर या आसपास पानी की व्यवस्था करे तो अनेक जीवों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि मिट्टी के कसौरे केवल जल पात्र नहीं, बल्कि मानवता और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को प्रेरित करना है कि वे अपने घरों, छतों, आंगनों और सार्वजनिक स्थानों पर इन कसौरों में पानी भरकर रखें, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके। कार्यक्रम में वितरित किए गए 151 कसौरों को श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया और यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इनमें पानी भरकर पक्षियों की सेवा करेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने यह भी कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होते हैं। वूमेन एरा फाउंडेशन की ओर से इस सेवा कार्य में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। संस्था ने कहा कि समाज के सहयोग से ही इस प्रकार के कार्य सफल हो पाते हैं और भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। संस्था ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल और दाने की व्यवस्था अवश्य करें।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें : विकास शर्मा



**बाबैन, 11 जून ( राजेश कुमार ) :** शिवालय मंदिर बाबैन परिसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी की अगुवाई में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया।इस मौके पर महंत त्रिकाल गिरी जी महाराज, मंडल महासचिव अनिल टाटकी, भीम बेरथला, रिंकू कश्यप, प्रदीप विंट व कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। पौधरोपण कार्यक्रम के उपरांत भाजपा मंडल प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र के कारण मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु, छाया तथा प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। यदि आज हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। विकास शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर, खेत, विद्यालय, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा पर्यावरण बचाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक भी किया।
कार्यक्रम में कई भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क पर मिला कीमती मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का प्रमाण




**बाबैन, 11 जून ( राजेश कुमार ) :** आज के दौर में जहां लोग छोटी-छोटी बातों में भी स्वार्थ देखने लगे हैं, वहीं गांव रामसरण माजरा निवासी राम कुमार सैनी ने अपनी ईमानदारी और अच्छे संस्कारों का परिचय देते हुए एक कीमती मोबाइल फोन उसके असली मालिक को लौटाकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। राम कुमार के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र भर में प्रशंसा हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव घिसरपड़ी निवासी नीरज कुमार अपने गांव से बाबैन स्थित अपनी दुकान पर आ रहा था। इसी दौरान बराड़ा रोड पर विपिन मेडिकल स्टोर के समीप उसका मोबाइल फोन रास्ते में गिर गया। दुकान पर पहुंचने के बाद जब नीरज कुमार ने अपना मोबाइल तलाश किया तो वह नहीं मिला। मोबाइल गुम होने से वह काफी परेशान हो गया और इधर-उधर खोजबीन करने लगा। उधर, रास्ते से गुजर रहे गांव रामसरण माजरा निवासी राम कुमार सैनी को सड़क पर पड़ा मोबाइल फोन मिला। राम कुमार ने बिना किसी लालच के मोबाइल को सुरक्षित अपने पास रख लिया और उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद जब नीरज कुमार ने अपने नंबर पर कॉल की तो राम कुमार ने फोन रिसीव किया और तुरंत मोबाइल मिलने की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने संपर्क कर मोबाइल उसके असली मालिक को सौंप दिया। अपना मोबाइल वापस मिलने पर नीरज कुमार ने राहत की सांस ली और राम कुमार सैनी की ईमानदारी की सराहना व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे ईमानदार लोग बहुत कम देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि राम कुमार ने मोबाइल लौटाकर यह साबित कर दिया कि समाज में आज भी ईमानदारी और मानवता जिंदा है।
इस अवसर पर आसपास के लोगों ने भी राम कुमार सैनी की ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। राम कुमार का यह कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला है।

# बिजली पेंशनर्स की बैठक में मांगों पर मंथन



**सफीदों, 11 जून ( एस. के. मित्तल ) :** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की सफीदों यूनिट की मासिक बैठक बुधवार को पावर हाउस कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हरिचंद जेई ने की, जबकि मंच संचालन रामनिवास नारा द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की ओर से सदस्यों को पहचान पत्र तथा पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) की प्रतियां भी वितरित की गईं। इसके अलावा पेंशनरों के लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी गई। बैठक का प्रमुख मुद्दा 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को नेशनल इंक्रीमेंट का लाभ दिलाना रहा। इस संदर्भ में 11 जून को आयोजित होने वाली लोक अदालतों की प्रक्रिया और उसमें भाग लेने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सदस्यों को सलाह दी गई कि वे अपने जरूरी दस्तावेज समय पर तैयार रखें ताकि उन्हें इस लाभ का पूरा फायदा मिल सके। इसके अलावा आयकर (आईटी) से संबंधित कार्यों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों को समय पर आयकर रिटर्न भरने और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए जागरूक किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को संवेदनशील होना चाहिए। कर्मचारियों ने मांग रखी कि आठवें वेतन आयोग को जल्द लागू किया जाए तथा महंगाई के इस दौर में पेंशनरों को राहत प्रदान की जाए। इस मौके पर राजेंद्र वशिष्ठ, जय सिंह बिटानी, ओमप्रकाश नारा, सी.आर रोहिल्ला, सुधीर शर्मा, जयपाल, जिले सिंह व रामकरण भोजगी मौजूद थे।

# इग्नू ने 36 पी.एच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू : डॉ. धर्म पाल



**करनाल, 11 जून ( प्रवीन ) :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के लिए 36 विभिन्न विषयों में पी.एच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने दी। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 जून 2026 से प्रारंभ हो चुकी है तथा इच्छुक अभ्यर्थी 1 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट तथा पीएच.डी. प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, जैव रसायन, रसायन विज्ञान, भूगोल, भूविज्ञान, जीवन विज्ञान, भौतिकी, सांख्यिकी, गणित, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, ललित कला, रंगमंच कला, संगीत, नृत्य, समाज कार्य, प्रबंधन, वाणिज्य, पोषण विज्ञान, बाल विकास, गृह विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा, विकास अध्ययन, जेंडर एवं विकास अध्ययन, अनुवाद अध्ययन, फ्रेंच, अरबी तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार सहित कुल 36 विषयों में पी.एच.डी. कार्यक्रम संचालित कर रहा है। डॉ. धर्म पाल ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पी.एच.डी. डिग्री प्रदान करने संबंधी न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया विनियम, 2022 के अनुसार संपन्न की जाएगी। अभ्यर्थी चार श्रेणियों यूजीसी-नेट जेआरएफ, यूजीसी-नेट (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएच.डी. हेतु पात्र), यूजीसी-नेट (केवल पी.एच.डी. हेतु पात्र) तथा विश्वविद्यालय स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार/वाइवा-वोस अनिवार्य होगा। उन्होंने आगे बताया कि इग्नू पूर्णकालिक एवं अंशकालिक दोनों प्रकार के पीएच.डी. कार्यक्रम प्रदान करता है। चयनित शोधार्थियों को नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय में पाठ्यक्रम कार्य (कोर्स वर्क) पूरा करना होगा, जिसके लिए न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। डॉ. धर्म पाल ने बताया कि आवेदन शुल्क 2000 रुपये निर्धारित किया गया है। पात्रता, विषयवार सीटों, आरक्षण नीति, प्रवेश प्रक्रिया तथा प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने शोध एवं उच्च शिक्षा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा पेशेवरों से समय रहते आवेदन करने का आग्रह किया।
अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट अथवा विश्वविद्यालय की रिसर्च यूनिट से संपर्क कर सकते हैं।

# रील्स और वायरल होने की होड़ में संस्कारों को नजरअंदाज न करें महिलाएं : पलक सिंगला

### बोली : सोशल मीडिया पर बढ़ती फूहड़ता समाज के लिए चिंता का विषय



**तरावड़ी, 11 जून ( छाया शर्मा ) :** श्री राम राइस यूनिट की सीएमडी एवं समाजसेविका पलक सिंगला ने कहा कि सोशल मीडिया आज के दौर में एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका गलत उपयोग समाज के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग, विशेषकर युवा वर्ग, लाइक, व्यूज और फॉलोअर्स बढ़ाने की होड़ में ऐसी वीडियो और रील्स बना रहे हैं जो भारतीय संस्कृति, सामाजिक मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। पलक सिंगला ने कहा कि सोशल मीडिया का उद्देश्य प्रतिभा, ज्ञान और सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाना होना चाहिए, लेकिन कई बार देखने में आता है कि फूहड़ता, दिखावे और विवादित कंटेंट के जरिए लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश की जाती है।
यह प्रवृत्ति समाज और नई पीढ़ी पर गलत प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने कहा कि युवतियों और महिलाओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि वे सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिभा, शिक्षा, सामाजिक कार्यों, संस्कृति और प्रेरणादायक संदेशों को साझा करें तो यह समाज के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी पहचान संस्कार, शिक्षा और अच्छे कार्यों से बनानी चाहिए, न कि केवल वायरल होने की मानसिकता से। समाजसेविका पलक सिंगला ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर ध्यान दें और उन्हें सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल समाज में जागरूकता, शिक्षा और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए होना चाहिए।
पलक सिंगला ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। यदि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ किया जाए तो यह समाज को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकता है।

# डिजिटल पंचायतें बनेंगी ग्रामीण विकास की नई पहचान : डॉ. चौहान

### 11 जिलों के कर्मी पहुंचे नीलोखेड़ी



**नीलोखेड़ी, 11 जून ( सुरेश मिड्डा ) :** जब ग्राम पंचायतें स्थानीय जरूरतों और लोगों की सहभागिता को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार करेंगी, तभी विकास का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान में पंचायत विकास योजना एवं अद्यतन ई-ग्राम स्वराज पोर्टल फॉर पीपुल्स प्लान कैंपेन 2026-27 विषय पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 16वे वित्त आयोग के नए प्रावधानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। डॉ. चौहान ने कहा कि अद्यतन ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे इस ज्ञान को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं, ताकि पीपुल्स प्लान कैंपेन 2026-27 के तहत प्रत्येक पंचायत प्रभावी, सहभागी और परिणामोन्मुख विकास योजनाएं तैयार कर सके तथा ग्रामीण विकास को नई गति मिल सके। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास की सफलता केवल योजनाएं बनाने में नहीं, बल्कि उन्हें लोगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू करने में है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी और समुदाय यदि एक टीम के रूप में कार्य करें तो हर गांव आत्मनिर्भर और विकास की नई मिसाल बन सकता है। अद्यतन ई-ग्राम स्वराज पोर्टल इस दिशा में बेहतर योजना निर्माण, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध होगा। राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान की प्राचार्य डॉ. सोनिका भट्टी ने कहा कि प्रशिक्षकों को आधुनिक तकनीक और नवीन पोर्टल की जानकारी देकर पंचायतों को अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में करनाल से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मोनिका ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय से विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव है तथा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित होगा। विकास एवं पंचायत विभाग, चंडीगढ़ से पधारी मीनू रेड्डू ने कार्यक्रम में पोर्टल के नवीन प्रावधानों और पीपुल्स प्लान कैंपेन 2026-27 की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान से सहायक आचार्य संदीप कुमार, सहायक आचार्य डॉ. सुशील मेहता, स्टेट पंचायत रिसोर्स सेंटर से सलाहकार नीलम छिक्कारा, पंचकूला से डीपीएम सुशील सहित विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहैला रोड पर 10 एकड़ कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी, नियमों की खुलेआम धज्जियां

**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ) :** साढ़ौरा के सरावां से सहैला रोड पर भू-माफिया बेखौफ होकर नियमों को ताक पर रख रहे हैं। यहां लगभग 10 एकड़ कृषि योग्य भूमि पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। न लाइसेंस लिया गया, न सीएलयू कराई गई और न ही नक्शा पास कराया गया। इसके बावजूद भोले-भाले लोगों को बड़ी-बड़ी सुविधाओं का लालच देकर टुकड़ों में प्लॉट बेचे जा रहे हैं। नियमानुसार किसी भी कृषि भूमि पर कॉलोनी काटने से पहले टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जमीन का सीएलयू यानी चेंज ऑफ लैंड यूज कराना पड़ता है। कॉलोनी काटने से पहले गलियों, नालियों, पानी की निकासी और बिजली का पूरा इंतजाम करना होता है। पार्क और सामुदायिक भवन के लिए जगह छोड़नी होती है। लेकिन सहैला रोड पर काटी जा रही इस कॉलोनी में एक भी सुविधा नजर नहीं आ रही। न सड़क बनी है, न नाली का प्रबंध है। पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं। बिजली के खंभे तक नहीं लगे। मौके



पर सिर्फ कच्चे रास्ते बनाकर प्लॉटिंग की जा रही है। कॉलोनाइजर लोगों को गुमराह कर रहा है कि जल्द ही सारी सुविधाएं मिल जाएंगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भू-माफिया ने सस्ते दामों पर कृषि भूमि खरीदकर अब उसे महंगे रेट पर बेचना शुरू कर दिया है। छोटे प्लॉट का लालच देकर मजदूर और मध्यम वर्ग के लोगों को फंसाया जा रहा है। जब विभाग का पीला पंजा चलेगा तो इन खरीदारों की जीवन भर की कमाई डूब जाएगी। अवैध कॉलोनियों से सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान होता है और शहर का नियोजित विकास भी रुक जाता है।

**डीटीपी बोले- नोटिस दिए, जल्द होगी कार्रवाई :** इस पूरे मामले में जिला नगर योजनाकार राजेश निमा से बात की गई तो उन्होंने माना कि मामला संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि कॉलोनाइजर को कई बार नोटिस दे दिए गए हैं। साइट की रिपोर्ट मंगवाई गई है। जल्द ही नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनी को पनपने नहीं दिया जाएगा।

**विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब 10 एकड़ में खुलेआम अवैध प्लॉटिंग हो रही थी, तब विभाग कहां था? जेसीबी चलाकर रास्ते बनाए गए, प्लॉटों की बुकिंग शुरू हो गई, लोगों की यमुनानगर डीसी मैडम प्रीति से काटी जा रही है अवैध कॉलोनी में स्वयं संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

## सीजेएम की अध्यक्षता में सिविल अस्पताल व जिला उच्च स्तर विभाग के साथ बैठक आयोजित



**करनाल, 11 जून ( सोनी दुआ ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल अस्पताल व जिला उच्च स्तर विभाग के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने की। इस दौरान सीजेएम मीनाक्षी यादव ने राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्य व उच्च शिक्षा अधिकारी डा. रेखा त्यागी व लीगल लिटरेसी की इंचार्ज डा. सरिता आर्य से बातचीत की और विद्यार्थियों को पौधरोपण ड्राइव मे भाग लेने के लिए करने की बात कही। डॉ. रेखा त्यागी ने बताया कि जुलाई माह में विद्यार्थियों के दाखिले आरंभ होगे उसमे कैम्पेन एक प्रवेश एक पौधा के जरिए सभी विद्यार्थियों को पौधारोपण ड्राइव मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी महाविद्यालयों में पर्यावरण सुरक्षा व पौधारोपण संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिससे विद्यार्थियों को पौधरोपण ड्राइव में शामिल होने का मौका मिलेगा। उन्होने विश्वास दिलाया कि सभी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पौधरोपण ड्राइव में शामिल होने हेतु प्रेरित किया जाएगा और अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा युवाओं को दिया जा रहा है सुनहरा अवसर

*महात्मा ज्योतिबा फूले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में 75 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप, ए आई एवं भविष्य की तकनीकों में प्रशिक्षण के अवसर*

**बाबैन, 11 जून ( राजेश कुमार ) :** ग्रामीण युवाओं को रोजगारपरक एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फूले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, बहलोलपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्थान में युवाओं को उद्योगों की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। यह जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन से कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि इस सत्र में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, टेक्नीशियन इन पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम तथा कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश आरंभ हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए फाउंडेशन द्वारा पात्र विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है, ताकि आर्थिक



रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली युवा भी आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि संस्थान में नियमित आईटीआई ट्रेड्स के अतिरिक्त नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (नाइलिट) के सहयोग से विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।

इनमें कोर्स ऑन कंप्यूटर कॉन्सेप्ट्स (सी सी सी), डिजिटल साक्षरता, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंटरनेट एवं नेटवर्किंग जैसे कार्यक्रम शामिल हैं, जो युवाओं को डिजिटल युग की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में तेजी से विकसित हो रही तकनीकों को देखते हुए संस्थान में आई बी एम एवं नाइलिट के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई), मशीन लर्निंग (एम अल), डेटा एनोटेशन यूजिंग पाइथन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा अन्य उभरती तकनीकों पर आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें वैश्विक रोजगार बाजार के लिए तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि संस्थान समय-समय पर ड्रोन टेक्नोलॉजी, मशरूम उत्पादन, उद्यमिता विकास, बेसिक कंप्यूटर शिक्षा तथा करियर उन्मुख कार्यशालाओं का आयोजन भी करता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क ए आई आधारित करियर काउंसलिंग एवं साइकोमेट्रिक असेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे अपनी रुचि, क्षमता एवं व्यक्तित्व के अनुरूप सही करियर का चयन कर सकें। उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले इंटरनेशनल स्किल सेंटर को आधुनिक प्रयोगशालाओं, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, डिजिटल शिक्षण सुविधाओं एवं उद्योग मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण व्यवस्था से सुसज्जित किया गया है। संस्थान का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार, अप्रेंटिसशिप और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने युवाओं एवं अभिभावकों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर प्रवेश लें और आधुनिक कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखें।

## हिसार के श्रद्धालुओं ने किए सोमनाथ मंदिर के दर्शन

**हिसार, 11 जून ( ब्यूरो ) :** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हिसार जिले से सोमनाथ धाम गये श्रद्धालुओं ने प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गुजरात के वेरावल (सौराष्ट्र) में स्थित यह मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग है। हिसार के श्रद्धालुओं ने कहा कि सरकार की इस योजना के कारण उन्हें निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने यात्रा के दौरान भोजन, आवास और परिवहन की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर के साथ-साथ सभी ने त्रिवेणी संगम, गीता मंदिर, भालका तीर्थ तथा अन्य धार्मिक स्थलों के भी दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने कहा कि सरकार की इस योजना के कारण उन्हें निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्राप्त हुआ है। वंचित वर्ग के परिवारों को इस योजना के माध्यम से धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिला है।



# 21 जून को अनाज मंडी में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, 20 जून को पायलट रिहर्सल

**व्यासपुर, 11 जून ( दिनेश कुमार ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयुष विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों व योग सहायकों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने 21 जून को अनाज मंडी व्यासपुर में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में कस्बावासियों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदार बनने की अपील की। बैठक में उन्होंने बताया कि 21 जून 2026 को पूरे विश्व में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह पूर्वक किया जाएगा। उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन अनाज मंडी व्यासपुर में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को अनाज मंडी व्यासपुर में किया जाएगा तथा ब्लॉक लेवल पर साढौरा के हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर पायलट रिहर्सल 20 जून को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से मनुष्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ, सशक्त और संतुलित रहता है। योग न केवल शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है, बल्कि व्यक्ति और प्रकृति के बीच भी गहरा संबंध बनाता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने बताया कि योग तनाव को कम करने में अत्यंत सहायक है और एक तनाव मुक्त व्यक्ति समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर सकता है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होता है। एसडीएम ने कहा कि आज योग ने पूरी दुनिया को एक सूत्र में बांध दिया है। जैसे योग शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को जोड़ता है, वैसे ही यह विभिन्न संस्कृतियों और समाजों को भी जोड़ने का कार्य कर रहा है। योग प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले प्रभावों को सहन करने की शक्ति भी प्रदान करता है। इस अवसर पर व्यासपुर के नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, साढ़ौरा के नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह, डॉ. निधि पपनेजा नोडल अधिकारी व्यासपुर, डॉ. बहादुर संधू नोडल अधिकारी साढौरा, डॉ. अभिषेक कांगो, डॉ. प्रीति, आयुष योग सहायक रवि, विकास, रंजू, फार्मासिस्ट अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## बढ़ती गर्मी मे प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़े पुण्य का कार्य : संजीव सिंगला

*खेड़ा मन्दिर समिति द्वारा लगाई गई मीठे जल की छबील व किया प्रशाद वितरीत*



**बाबैन, 11 जून ( राजेश कुमार ) :** खेड़ा मन्दिर समिती बाबैन के द्वारा गांव की सुख समृद्धि के लिए पुरूषोतम मास की परमा एकादशी के अवसर पर शाहबाद लाड़वा रोड़ पर ठंडे व मीठे जल की छबील के साथ छोले का प्रशाद वितरीत किया गया जिसमें भारी संख्या मे राहगीरों ने प्रशाद व मीठे जल को ग्रहण कर प्यास बुझाई। इस पुण्य के कार्य मे खेड़ा मन्दिर समिती के प्रधान राम ऋषि सैनी, गुरचरण सैनी, राम सिंह नम्बरदार, ईश्वर सिंगला, विनोद सिंगला, देव कालड़ा, होशियार शर्मा, सुखबीर सैनी, राम कुमार सैनी, राजेश सैनी, मुकेश शर्मा, नूतन अरोड़ा ने जल सेवा मे भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से बाबैन के सरपंच संजीव सिंगला (गोल्ड़ी) ने शिरकत कर स्वयं जल सेवा मे अपना भरपूर सहयोग किया। इस पर सरपंच संजीव सिंगला ने कहा कि प्रतिदिन बढ़ती गर्मी के कारण जहां जनता का पसीना निकल रहा है वहीं इस बढ़ती गर्मी मे प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़े पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें जल सेवा करके पुण्य कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमे इस तरह के सामाजिक कार्यो मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर खेड़ा मन्दिर समिती के प्रधान राम ऋषि सैनी ने कहा कि पिछले कई वर्षो से खेड़ा मन्दिर समिति बाबैन द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की सेवा करने से परमात्मा भी प्रसन्न होते है इसलिए हमे जरूरतमंद की मदद करने व समाज भलाई के कार्यो के लिए हर समय तत्पर रहना चाहिए।

# समाधान शिविर नरवाना में एसडीएम का सख्त संदेश, जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान करें अधिकारी

**नरवाना, 11 जून ( नरेन्द्र कुमार ) :** उपमंडल अधिकारी जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली जनसमस्याओं का निवारण पूरी कार्यकुशलता और गंभीरता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत या आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान से आमजन को राहत मिलने के साथ-साथ प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत होता है। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा कि बिजली के ढीले तार, रास्तों में खंभे, पेयजल आपूर्ति में बाधा, टूटी पुलियां, सड़कों पर गड्ढे, अवरुद्ध सीवरेज और बंद रास्तों जैसी समस्याएं आमतौर पर लोगों के सामने आती हैं। इन समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों के लिखित आवेदन का इंतजार करने के बजाय व्यवस्थाओं को पहले से ही दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम निकट है इसलिए सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके और आमजन को परेशानी का सामना



न करना पड़े। सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन और प्राइवेसी पर विशेष जोर शिविर में प्राप्त एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने सीसीटीवी कैमरों की गलत लोकेशन, अनुचित तरीके और गलत एंगल से स्थापना को गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से लगाए जाते हैं लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी नागरिक की निजता (प्राइवेसी) प्रभावित न हो। कैमरों की लोकेशन और एंगल पूरी तरह उचित एवं नियमों के अनुरूप होने चाहिए। समाधान शिविर में सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग, नगर परिषद और पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं।

एसडीएम ने सभी मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान किसी कारणवश संभव न हो उनकी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए ताकि उच्च अधिकारियों के स्तर पर मार्गदर्शन लेकर समस्या का समाधान कराया जा सके। इस अवसर पर तहसीलदार विजय कुमार, बीडीपीओ तरुण सुथार, जन स्वास्थ्य विभाग के सुरेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के प्रदीप कुमार, नगर परिषद के संदीप कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की रीटा रानी, सीडीपीओ विभाग की रितु, लोक निर्माण विभाग के प्रदीप शर्मा, क्रीड के जसवीर सिंह, कृषि विभाग के डॉ. निशांत, बीईओ संतोष कुमारी, समाज कल्याण विभाग की सोनिया, तहसील कल्याण अधिकारी संतरो देवी, बिजली विभाग के शमशेर, पशुपालन विभाग के मनीष कुमार, मार्केट कमेटी के रोशन लाल तथा पुलिस विभाग के कुलदीप सिंह व पूजा देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## आईटीआई नरवाना में योग की अलख, विद्यार्थियों ने अपनाई स्वस्थ जीवनशैली की राह

**नरवाना, 11 जून ( नरेन्द्र कुमार ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के



उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में योग जागरूकता एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्या प्रमिला ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए योग के शारीरिक,मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं बल्कि तनावमुक्त, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ती है तथा मानसिक एकाग्रता मजबूत होती है। संस्थान के प्राचार्य ओमपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से योग करें तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी अनुदेशकों एवं कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। पूरे परिसर में स्वास्थ्य, ऊर्जा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जतिंदर, विनीत, रमेश चंद्र, मोनिका, रेखा, सुशीला, आशा एवं राजेश कुमारी सहित संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## खेल-खेल में मिलेगी साइबर और सड़क सुरक्षा की सीख

**कैथल, 11 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** एस.पी मनप्रीत सिंह सूदन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चावला द्वारा तैयार किए गए साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता खेल पिटारा का बुधवार को विमोचन किया गया। इस अवसर पर साइबर एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. चावला को सम्मानित भी किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि कैथल हरियाणा का पहला जिला बन गया है, जहां सभी विद्यालयों में 'साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा खेल पिटारा' तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन को खेल-खेल में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. विजय कुमार चावला द्वारा विकसित इस खेल पिटारे में पासा खेल, साँप-सीढ़ी, लूडो, रोल-प्ले, शब्द खोज पहेली और स्लोगन लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है। इनके माध्यम से प्रतिभागियों को मजबूत पासवर्ड, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, फर्जी लिंक की पहचान, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, सुरक्षित सोशल मीडिया उपयोग तथा साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग संबंधी जानकारी दी जाएगी। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, यातायात संकेतों, गति सीमा और सुरक्षित सड़क व्यवहार के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि यह अभिनव पहल विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहभागिता, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने के साथ-साथ सुरक्षित इंटरनेट-सुरक्षित समाज-सुरक्षित भारत तथा सुरक्षित सड़क-सुरक्षित जीवन के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पीएम मोदी ने दिलाई देश को अलग पहचान : लीला राम

**कैथल, 11 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक भाई लीलाराम ने गाँव के क्योडक में शहीद स्थल तक पैदल यात्रा में भाग लिया। सुबह गांव क्योड़क में पहुंचे पूर्व विधायक ने सभी गांववासियों के साथ मिलकर के बस स्टैंड से लेकर के शहीद जिले सिंह की समाधि स्थल तक पैदल यात्रा की। सभी लोगों ने हाथों में तिरंगे उठाकर के भारत माता की जय वंदेमातरम बोलते हुए शहीद स्थल तक पहुंचे और शहीद को मालार्पण करके उनको नमन किया। लीला राम ने बताया कि मोदी ने पिछले 12 सालों में देश को अलग पहचान दिलाई है। मोदी दिन रात काम करते हैं और नई सोच और विश्वास के साथ काम करते हैं। यही कारण है कि आज पूरा देश मोदी जी के साथ खड़ा है। इसी के साथ अगले पड़ाव में गाँव मानस में पहुंचे लीलाराम ने गौतम ऋषि के आश्रम में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ मिलकर के पौधारोपण किया। ग्रामीणों ने गौतम ऋषि आश्रम में पहले से ही पौधों की व्यवस्था की हुई थी। विधायक लीलाराम ने एक त्रिवेणी के साथ कई बड़े वृक्ष ग्रामीणों के साथ मिलकर के लगाए, सभी कार्यकर्ताओं ने 1-1 पौधा लगाकर के प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता को प्रकट किया। इस मौके पर उनके साथ राजपाल तंवर, रामकुमार नैन, हरपाल शर्मा, सुरेश कुमार, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र, मंडलाध्यक्ष सतबीर शर्मा, हरेंद्र मानस, रामसिंह खेड़ा, मिंटू नंबरदार, रामधन शर्मा, लोकेन्द्र गिल, राजीव मानस, सुनील मानस, रामदेव, गुरदेव, जिया लाल, बबला, विक्की, जनक, कुशल पाल सैन, इंद्र गोड़, बाल किशन शर्मा भी मौजूद रहे।

## सीआईए कलायत द्वारा अवैध असला अमुनेशन सहित आरोपी काबू

*315 बोर देसी कट्टा व 5 कारतूस बरामद*

**कैथल, 11 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार अवैध असला रखने वालों की लगातार धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए कलायत पुलिस द्वारा एक आरोपी को 315 बोर देसी कट्टा व 5 कारतूस सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई राजीव सिंह की टीम शाम के समय गस्त दौरान किसान चौंक कलायत के पास मौजूद थी। जहां पर पुलिस पार्टी को खुफिया सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव खरौदी निवासी अशोक उर्फ शौकी गांव खरक पाडवा से सजूमा को जाने वाली सड़क के टी- प्वाइंट पर किसी वारदात को अंजाम देने के इंतजार में खड़ा है तथा उसके पास अवैध असला है। अगर वहां पर तुरंत रेड की जाए तो अशोक को अवैध असला सहित काबू किया जा सकता है। जो सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस पार्टी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर दबिश देकर अशोक उर्फ शौकी उपरोक्त को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे में जेब से एक 315 बोर देसी कट्टा तथा 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके सीआईए कलायत के एएसआई राजीव सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही हैं।

## डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने मानवता भलाई केंद्र में लगाया सबमर्सिबल मोटर पंप

**रतिया, 11 जून ( अमन सेठी ) :** डेरा सच्चा सौदा की संगत ने ब्लॉक रतनगढ़ के रतनगढ़-भुंदड़वास रोड पर बनाए गए मानवता भलाई केंद्र संगत की सुविधा के लिए सबमर्सिबल मोटर पंप लगाया गया है। जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट के सच्चे नम्र सेवादार हरदीप सिंह इंसां ने बताया के डेरा सच्चा सौदा ब्लॉक रतनगढ़ की साध-संगत द्वारा रतनगढ़ -भुंदड़वास रोड पर रोड करीब दो एकड़ में मानवता भलाई केंद्र का निर्माण किया गया है। जिसमें पानी की सुविधा न होने के कारण साध-संगत को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी परेशानी का देखते हुए ब्लॉक की साध संगत के सहयोग से



सबमर्सिबल मोटर पंप लगाने का काम शुरू किया गया। आज सबमर्सिबल मोटर पंप का काम पूरा होने से संगत में खुशी की लहर पाई जा रही है। पंप लगने से जहां संगत को आसानी से पेयजल उपलब्ध होगा वहीं जीव-जंतु व बेसहारा पशुओं के लिए पानी का प्रबंध किया जा सकेगा।

इस मौके पर कुलविंद्र, गुरप्रीत, बीरबल, सूबेदार जसवीर, जसवीर प्लाटां, हरदीप, हरदेव, हरप्रीत, पवन, हरजीत, गमदूर खाई, तुलसी सरपंच, दलवीर नंबरदार, बलवंत प्लांट, रवि, मिस्त्री शेरा सिंह, किकू सिंह, प्रेमी सेवक महावीर व करमजीत आदि उपस्थित थे।

# पंच केदार में होती हैं तुंगनाथ मंदिर की गिनती

दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर है तुंगनाथ मंदिर है। इसकी गिनती पंच केदार यात्रा में की जाती है, जोकि उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित पांच पवित्र जगहों में से एक है, हालांकि यह चार धाम यात्रा से अलग है। पौराणिक कथा के मुताबिक कुरुक्षेत्र युद्ध के बाद पांडवों में भगवान शिव से क्षमा मांगनी पड़ी थी। ऐसे में भगवान शिव ने लुका-छुपी का एक खेल खेला। जिसके तहत पांच अलग-अलग स्थानों पर पांच मंदिरों की स्थापना हुई। जिसमें केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमहेश्वर और कल्पेशर शामिल हैं। इनमें से तुंगनाथ मंदिर तीसरा और सबसे अहम शिव मंदिर है।



तुंगनाथ मंदिर न सिर्फ पंच केदार मंदिरों में सबसे ऊंचा है, बल्कि यह विश्व का भी सबसे ऊंचा शिव मंदिर है। यह मंदिर 3,680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। तुंगनाथ मंदिर का इतिहास महाभारत काल के पांडवों से जुड़ा है। यहां के स्थानीय लोगों की मानें, तो 8वीं शताब्दी के दार्शनिक और संत आदि शंकराचार्य ने मंदिर की खोज की थी। वहीं कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कत्यूरी शासकों ने 8वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण किया गया था।

बद्री केदार मंदिर समिति द्वारा उत्तराखंड में स्थित तुंगनाथ मंदिर के खुलने की तारीख तय की जाती है। उत्तराखंड में चार धामों की शुरुआत के साथ तीसरे केदार तुंगनाथ का उद्घाटन होता है। आमतौर पर अप्रैल या मई में वैशाख पंचमी पर यह मंदिर भक्तों के लिए खुल जाता है।

तुंगनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको उत्तराखंड के चोपता आना होगा। चोपता से तुंगनाथ तक का ट्रेक करीब 3.5 किमी का है। हालांकि यह ट्रैक ज्यादा मुश्किल नहीं है, लेकिन इसको आसान भी नहीं कहा जा सकता है। इस ट्रैक के दौरान आपको घास के मैदान और बर्फ से ढके पहाड़ों को देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा। चोपता से तुंगनाथ पहुंचने में करीब 2 से 3 घंटे तक का समय लगता है।

उत्तराखंड के चोपता से तुंगनाथ ट्रेक की शुरुआत होती है। ऐसे में आपको सबसे पहले हरिद्वार या ऋषिकेश पहुंचना होगा, फिर वहां से चोपता के लिए बस या टैक्सी करें। या फिर आप उखीमठ से बस ले सकते हैं। उखीमठ से आप लोकल टैक्सी ले सकते हैं। चोपता उत्तराखंड का बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है और इसको भारत का मिनी स्विटजरलैंड भी कहा जाता है। बता दें कि तुंगनाथ मंदिर पहुंचने के बाद आप केदारनाथ, नंदा देवी, त्रिशूल और चौखंबा की राजसी चोटियों को भी देख सकते हैं। मंदिर तक जाने के बाद अगर आप चंद्रशिला शिखर तक जाना चाहते हैं, तो आपको तुंगनाथ मंदिर से आगे 1.5 किमी जाना होगा। पौराणिक कथाओं के मुताबिक इस शिखर पर भगवान श्रीराम ने ध्यान किया था।



**हृदय रेखा छोटी या फिर हल्कीं होना अच्छा नहीं**

विवाह के लिए वर-वधू का योग देखने में हस्तशरेखा का बहुत बड़ा योगदान होता है। किसी भी विवाह का भविष्यं वर और कन्यास की हथेली पर उपस्थित विभिन्ना रेखाओं, पर्वतों और चिह्लों की स्थिति पर निर्भर करता है। कुछ ऐसी रेखाओं के बारे में जान लें जो विवाह के मामले में अच्छी साबित नहीं होतीं।

हृदय रेखा -यदि आपकी हृदय रेखा छोटी सा फिर हल्कीे है तो आपके लिए वैवाहिक संयोग अच्छें नहीं हैं। ऐसे में विवाह होने के बाद भी आपके संबंधों में विच्छेंद हो सकता है।

मंगल पर्वत-यदि आपका मंगल पर्वत जरूरत से ज्या दा विकसित हो या फिर मंगल पर दोषपूर्ण चिह्न हो तो ऐसे में विवाह करना आपके लिए सही नहीं होगा।

**शुक्र पर्वत हों कम विकसित**

शुक्र पर्वत कम विकसित होने पर वैवाहिक जीवन में शारीरिक संतुष्टि नहीं प्राप्‌ होती। चंद्र पर्वत और बृहस्पनति के कम विकसित होने पर भी ऐसा ही होता है।

हृदय रेखा पर काले चिह्न अशुभ यदि आपकी हृदय रेखा पर किसी प्रकार के काले चिह्न शुभ नहीं है। मस्तिष्क रेखा और जीवन रेखा में जरूरत से ज्याकदा दूरी होना सही नहीं है। हाथ का निचला क्षेत्र अत्य धिक विकसित होना अच्छा् नहीं माना जाता। ये सभी बातें विवाह पश्चा्त शारीरिक अनुकूलता के लिए सही नहीं है। ये सभी विकार असंतुष्ट यौन संबंधों को दर्शाते हैं।

**संतान सुख नहीं मिल पाता इनको**-अगर आपकी हृदय रेखा छोटी है और शुक्र व गुरु पर्वत के उभार भी कम हैं। विवाह रेखा के ऊपर क्रॉस है। जिस स्थारन पर मस्तिष्कक रेखा बुध रेखा को काटती है, अगर वहां तारा है तो यह शुभ नहीं है।

**ऐसे में हो सकता है तलाक भी**

विवाह रेखा अंत में दो भागों में बंट रही हो। शुक्र पर्वत पर जाल या फिर एक-दूसरे को काटती हुई रेखाएं हो तो ये शारीरिक अक्षमता को दर्शाता है।

# धार्मिक अनुष्ठान में पत्नी किस कारण बैठती है बाईं ओर



सनातन धर्म में विवाह के समय पत्नी को पति के वाम अंग यानी बाईं ओर बैठने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। धार्मिक अनुष्ठानों में भी इसी परंपरा का पालन किया जाता है। हालांकि, इसे केवल धार्मिक नियम मानना पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि इसके पीछे गहरी वैज्ञानिक और ज्योतिषीय अवधारणाएं भी छिपी हैं। पत्नी को वामंगी कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है—बाईं ओर स्थित होने वाली। यही नियम पति-पत्नी के शयन के समय भी लागू होता है, जहां पत्नी को पति के बाईं ओर सोने की सलाह दी जाती है।

ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार, हमारे शरीर में दो प्रमुख नाड़ियां होती हैं—सूर्य नाड़ी और चंद्र नाड़ी। सूर्य नाड़ी, जिसे पिंगला नाड़ी भी कहा जाता है, शरीर के दाहिनी ओर स्थित होती है और यह ऊर्जा, उत्साह, और निर्णय लेने की क्षमता को नियंत्रित करती है। वहीं, चंद्र नाड़ी, जिसे ईड़ा नाड़ी कहते हैं, शरीर के बाईं ओर होती है और यह शीतलता, सौम्यता तथा मानसिक शांति प्रदान करती है।

जब पति-पत्नी एक साथ सोते हैं और पत्नी पति के बाईं ओर होती है, तो यह दोनों की ऊर्जा संतुलित करता है। पति की सूर्य नाड़ी उसकी निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाती है, जबकि पत्नी की चंद्र नाड़ी से शीतलता और मानसिक शांति बनी रहती है। इससे रिश्ते में मधुरता आती है और नकारात्मक ऊर्जा कम होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस स्थिति से पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बना रहता है, तनाव कम होता है और आपसी समझ बढ़ती है।

चंद्र नाड़ी की सक्रियता शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी मानी जाती है। यह मन को शांत रखती है, तनाव को कम करती है, पाचन तंत्र को सुधारती है और हृदय की गति को संतुलित रखती है। पति-पत्नी सोने की सही दिशा का पालन नहीं करते हैं, तो ऊर्जा असंतुलित हो सकती है, जिससे अनावश्यक तनाव और मानसिक अस्थिरता उत्पन्न होने की संभावना रहती है।इस प्रकार, सनातन धर्म में स्थापित यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है। पति-पत्नी के बीच प्रेम, सामंजस्य और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में सुझाई गई यह सोने की स्थिति अत्यंत लाभकारी मानी गई है।

# हथेली का आकार बताता है कैसा रहेगा जीवन

हर व्यक्ति के मन में अपना भविष्य जानने की इच्छा रहती है। हस्तरेखा शास्त्र एक ऐसा विज्ञान है जो व्यक्ति के भूत, भविष्य व वर्तमान की जानकारी देता है। हर व्यक्ति के हाथ की हथेली की बनावट व आकार अलग-अलग होता है। इसके साथ ही हाथ की रेखाएं भी अलग-अलग होती हैं। हस्तरेखा शास्त्र के जानकारों के अनुसार, व्यक्ति की हाथ की रेखाएं और हथेली के आकार को देखकर उसका भविष्य व स्वभाव का पता लगाया जा सकता है।




कठोर हथेली के जातक- हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की हथेली कठोर होती है, उन्हें जीवन में ज्यादा मेहनत व संघर्षों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों को दिन-रात एक करने के बाद ही भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। लेकिन ये लोग हमेशा अपनी ईमानदारी का परिचय देते हैं।

छोटी हथेली के जातक- हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की हथेली छोटी होती है, ऐसे लोग दिल के साफ होते हैं। ऐसे लोग क्रिएटिव कार्यों में रूचि रखते हैं। ये चीजों को जानने की इच्छा रखते हैं। कहते हैं कि इन लोगों का जीवन सुखमय बीतता है।

बड़ी हथेली के जातक- हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की हथेली का आकार बड़ा होता है, वे अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाते हैं। ये धर्म-कर्म के कार्यों में रुचि रखते है। इन्हें जीवन में मनचाही सफलता प्राप्त होती है।

कोमल हथेली के लोग- हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की हथेलियां कोमल होती हैं, वे भाग्यशाली माने गए हैं। इन लोगों को जीवन में अपार सफलता प्राप्त होती है। कहते हैं कि इन लोगों को धन संबंधी परेशानियों का कम सामना करना पड़ता है।

# जीवन की समस्याओं का समाधान बताते हैं यंत्र

हिन्दू धर्म के अनेक ग्रंथों में कई तरह के चक्रों और यंत्रों के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। जिनमें राम शलाका प्रश्नावली, हनुमान प्रश्नावली चक्र, नवदुर्गा प्रश्नावली चक्र, श्रीगणेश प्रश्नावली चक्र आदि प्रमुख हैं। कहते हैं इन चक्रों और यंत्रों की सहायता से लोग अपने मन में उठ रहे सवालों, जीवन में आने वाली कठिनाइयों आदि का समाधान पा सकते हैं। इन चक्रों और यंत्रों की सहायता लेकर केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि ज्योतिष और पुरोहित लोग भी सटीक भविष्यवाणियां तक कर देते हैं।

**श्री राम शलाका प्रश्नावली**

श्री राम शलाका प्रश्नावली का उल्लेख गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस में प्राप्त होता है। यह राम भक्ति पर आधारित है। इस प्रश्नावली का प्रयोग से लोग जीवन के अनेक प्रश्नों का जवाब




प्रश्नावली का प्रयोग ... जाता है कि सबसे ... श्रीराम का स्मरण क... सवाल को मन में अ... लिया जाता है।फिर ... पर दिए गए किसी ... आंख बंद कर उंगली ... है। जिस अक्षर पर उंगली रखी जाती है, उसके अक्षर से प्रत्येक 9वें नम्बर के अक्षर को जोड़ कर एक चौपाई बनती है, जो प्रश्नकर्ता के प्रश्न का उत्तर होती है।

**हनुमान प्रश्नावली चक्र**

यह बात बहुत कम लोगों को पता है कि हनुमानजी एक उच्च कोटि के ज्योतिषी भी थे। इसका कारण शायद यह हो सकता है कि वे शिव के ग्यारहवें अंशावतार थे, जिनसे ज्योतिष विद्या की उत्पत्ति हुई मानी जाती है। कहते हैं, हनुमानजी ने ज्योतिष प्रश्नावली के 40 चक्र बनाए हैं। यहां भी प्रश्नकर्ता आंख ... है।

**नवदुर्गा प्रश्नावली चक्र**

अनेक लोग, विशेष देवी दुर्गा के परम भक्त, यह मानते हैं कि नवदुर्गा प्रश्नावली चक्र एक चमत्कारिक चक्र है, जिसे के माध्यम से कोई भी अपने जीवन की समस्त परेशानियों और मन के सवालों का संतोषजनक हल आसानी से पा सकते हैं। इस चक्र के उपयोग की विधि के लिए पहले पांच बार ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे मंत्र का जप करना पड़ता फिर एक बार या देवी सर्वभूतेषु मातृरुपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो ...मंत्र का जप कर, आंखें बंद ...के सवाल पूछा जाता है और ...ी दुर्गा का स्मरण करते हुए ...नावली चक्र पर उंगली घुमाते ... रोक दिया जाता है, जिस ...ष्ठक उंगली होती है। उस कोष्ठक ... लिखे अंक के अनुसार फलादेश ... जाना जाता है।

**श्रीगणेश प्रश्नावली चक्र**

हिंदू मान्यता के अनुसार, भगवान गणेश प्रथमपूज्य हैं। वे सभी मांगलिक कार्यों में सबसे पहले पूजे जाते हैं। उनकी पूजा के बिना कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता। श्रीगणेश प्रश्नावली यंत्र के माध्यम से भी लोग अपने जीवन की सभी परेशानियों और सवालों के हल जानने की कोशिश करते हैं। जिसे भी अपने सवालों का जवाब या परेशानियों का हल जानना होता है, वे पहले पांच बार ऊँ नमः शिवायः और फिर 11 बार ऊँ गं गणपतयै नमः मंत्र का जप करते हैं और फिर आंखें बंद करके अपना सवाल मन में रख भगवान गणेश का स्मरण करते हुए प्रश्नावली चक्र प्रश्नावली चक्र पर उंगली घुमाते हुए रोक देते हैं, जिस कोष्ठक उंगली होती है।

**शिव प्रश्नावली यंत्र**

इस यंत्र में भगवान शिव के एक चित्र पर 1 से 7 तक अंक दिए गए होते हैं। श्रद्धालु अपनी आंख बंद करके पूरी आस्था और भक्ति के साथ शिवजी का ध्यान करते हैं और और मन ही मन ऊं नमः शिवायः मंत्र का जाप कर उंगली को शिव यंत्र पर घुमाते हैं और फिर उंगली घुमाते हुए रोक देते हैं, जिस कोष्ठक उंगली होती है। उस कोष्ठक में लिखे अंक के अनुसार फलादेश को जाना जाता है। इन प्रश्नावलियों और यंत्रों के अलावा अनेक लोग साईं प्रश्नावली का उपयोग भी अपने मन में उठ रहे सवालों का जवाब पाने के लिए करते हैं।

# आज शांति एवं संयम से काम लेने की जरुरत

**- संजय गोस्वामी**

श्री राम की मर्यादा उनके कर्म ही आपको मानवता का संदेश देती है भगवान राम राजा बनने वाले थे और 14 साल का वनवास मिल गया आज थोड़ा सा दु:ख हुआ नहीं की सिस्टम और सरकार का दोष, यह लोकतान्त्रिक देश 140 करोड़ लोगों का भारत है जब ठीक नहीं लग रहा बाद में चुनाव में हरा देना बहुत ज्यादा बुराई लिखने कॉकरोच पार्टी बनाने से दूसरे देश में ऐ खबर मज़ाक बन जाती है इसलिए कठिन परिस्थिति में संयम और शान्ति से काम लें राम ने भगवान शिव का त्रिपुरासुर धनुष उठाया था। यहाँ तक कि देवताओं, राक्षसों और नागों की पूरी सभा भी उसे नहीं उठा पाई थी। राम ने विष्णु का शारंग धनुष भी उठाया और तीनों लोकों (ब्रह्मांड) को हिला दिया। उन्होंने धुंधुभी नाम के एक राक्षस के शव को, जो कैलाश पर्वत से भी ऊँचा था, बस एक झटके में 10 योजन दूर फेंक दिया। राम ने एक ही बाण से पृथ्वी की सात परतों को भेद दिया। एक ही साधारण बाण से पूरे समुद्र को सुखा दिया। राम ने रावण पर अचूक ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, जिसका वज़न मेरु और मंदार पर्वतों जितना था। राम कितने शक्तिशाली हैं? वे समस्त शक्ति के स्रोत हैं! वे नारायण का ही एक रूप हैं! उनकी शक्तियों की कोई सीमा नहीं है। [वाल्मीकि रामायण 5-51-45] में कहा गया है कि जिसे श्री राम मारने का निश्चय कर लें, उसे ब्रह्मा और शिव भी नहीं बचा सकते। चाहे चार मुख वाले स्वयंभू देवता ब्रह्मा हों, या तीन आँखों वाले रुद्र (जिन्होंने त्रिपुरा—माया द्वारा राक्षसों के लिए आकाश, वायु और पृथ्वी में सोने, चाँदी और लोहे से बनाए गए नगर—को जलाया था), या फिर वातावरण और आकाश के देवता तथा देवताओं के स्वामी महेंद्र हों; इनमें से कोई भी उस व्यक्ति को नहीं बचा सकता, जिसे राम युद्ध में मारने का निश्चय कर लें। वाल्मीकि रामायण 1-1-17 में कहा गया है कि वे स्वयं ही सत्य हैं और ऐसा कोई नहीं है जो उनकी बराबरी कर सके। शौर्य में राम विष्णु के समान हैं, और अपनी सुंदरता में वे चंद्रमा की तरह आकर्षक हैं; क्षमाशीलता में वे पृथ्वी के तुल्य हैं, लेकिन अपने क्रोध में वे प्रलयकारी अग्नि के समान हैं... और उदारता में वे धन के देवता कुबेर के समान हैं, तथा अपनी सत्यनिष्ठा में वे साक्षात् धर्म के समान हैं—सत्य का ही मूर्त रूप—जिनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है। वाल्मीकि रामायण के अरण्य कांड में कहा गया है कि यदि समस्त देवता और तीनों लोकों की समस्त सेनाएँ भी एक साथ आ जाएँ, तो भी वे श्री राम की शक्ति के सामने कुछ भी नहीं हैं। हे वैदेही! तुम्हारे पति को सर्प, असुर, गंधर्व, देवता, पिशाच या राक्षस—कोई भी पराजित नहीं कर सकता; इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। हे शुभलक्षणा! देवताओं, मनुष्यों, गंधर्वों, पक्षियों, राक्षसों, किन्नरों, पशुओं, अथवा हे देवी, यहाँ तक कि अत्यंत भयानक राक्षसों में भी ऐसा कोई योद्धा नहीं है जो युद्ध में राम का सामना कर सके; क्योंकि किसी भी युद्ध में राम की शक्ति इंद्र के तुल्य होती है। इस प्रकार की बातें करना तुम्हारे लिए अनुचित है, क्योंकि युद्ध में राम को पराजित करना असंभव है; और जहाँ तक मेरी बात है, मैं राघव (राम) की अनुपस्थिति में तुम्हें इस घने वन में अकेला छोड़ने का साहस कदापि नहीं कर सकता। चाहे समस्त शक्तिशाली सम्राट अपनी संपूर्ण सेनाओं के साथ आ जाएँ, अथवा समस्त देवता अपने प्रमुखों के साथ एकत्रित हो जाएँ—अरे, उनकी तो बात ही क्या—यदि तीनों लोक भी एक साथ मिलकर, चाहे सामूहिक रूप से या अलग-अलग, विद्रोह करते हुए आ जाएँ, तो भी राम के पराक्रम को कोई रोक नहीं सकता। वाल्मीकि रामायण (1-1-65) में कहा गया है कि उन्होंने राक्षस दुंदुभि के मृत शरीर को अपने पैर के अंगूठे से मात्र स्पर्श करके ही दस योजन दूर तक उछाल दिया था! (एक योजन लगभग 13 किलोमीटर के बराबर होता है, अत: दस योजन का अर्थ हुआ 1300 किलोमीटर!) विशाल भुजाओं वाले और अत्यंत शक्तिशाली राम ने जब दुंदुभि की अस्थियों को देखा, तो वे मुस्कुराए और अपने पैर के अंगूठे की सहायता से उस संपूर्ण शरीर को दस योजन की दूरी तक फेंक दिया। वाल्मीकि रामायण (1-1-67) में वर्णित है कि श्री राम ने अपने एक ही बाण से सात वृक्षों को भेद दिया था; वह बाण एक पर्वत को चीरता हुआ पृथ्वी के सबसे निचले तल (पाताल लोक) तक जा पहुँचा था! फिर एक बार, राम ने केवल एक ही विशाल बाण से सात विशाल साल के पेड़ों को भेद दिया; यह बाण न केवल उन पेड़ों के आर-पार निकल गया, बल्कि एक पर्वत को भी चीरता हुआ पृथ्वी के सबसे निचले पाताल लोक तक जा पहुँचा—यह सब सुग्रीव के मन में विश्वास जगाने के लिए किया गया था... वाल्मीकि रामायण के युद्ध कांड में कहा गया है कि श्री राम अपनी उंगली के सिर्फ़ एक पोर से ही सभी राक्षसों और दुष्ट शक्तियों का संहार कर सकते हैं! इससे क्या फ़र्क पड़ता है कि वह राक्षस कितना दुष्ट है या नहीं? वह मेरा ज़रा सा भी अहित करने में सर्वथा असमर्थ है। हे सुग्रीव, वानर सेना के स्वामी! यदि मैं चाहूँ, तो पृथ्वी पर विचरण करने वाले उन सभी आसुरी जीवों, राक्षसों, अलौकिक प्राणियों और नरभक्षी पिशाचों का संहार अपनी उंगली के सिर्फ़ एक पोर से ही कर सकता हूँ। एक कथा में यह प्रसंग आता है कि कैसे एक कबूतर ने अपने शत्रु (एक बहेलिए) को—जब वह शरण माँगने उसके पास आया—अतिथि-सत्कार के समस्त नियमों का पालन करते हुए स्वीकार किया, और यहाँ तक कि उसे अपने ही शरीर का मांस परोसकर भोजन के लिए आमंत्रित किया। सच तो यह है कि श्री राम की इच्छा के बिना, इस सृष्टि में ऐसा कोई भी नहीं है जो उनके समक्ष खड़ा होने का भी साहस कर सके। श्री राम ही सब कुछ हैं।



वे इस संपूर्ण ब्रह्मांड के कण-कण में व्याप्त हैं, और यह संपूर्ण ब्रह्मांड उन्हीं में समाया हुआ है। वे ब्रह्मा के रूप में सृष्टि की रचना करते हैं; शिव के रूप में उसका संहार करते हैं; और अपने आदि-स्वरूप नारायण के रूप में वे समस्त सृष्टि का पालन-पोषण करते हैं। केवल एक ही ऐसी चीज़ है जिसे स्वयं श्री राम भी कभी नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते—और वह है, किसी सच्चे भक्त की अनन्य भक्ति। जो कोई भी भक्त श्री सीता-राम की भक्ति में पूरी तरह से लीन हो जाता है, उसे साकेत धाम में परम मोक्ष प्रदान करने के लिए श्री राम सदैव तत्पर और वचनबद्ध रहते हैं।सनातन धर्म में, भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उनके चरणों (चरण कमल) को बहुत पवित्र और भक्तों के दुखों का नाश करने वाला माना जाता है। हिंदू धर्म में गोस्वामी तुलसीदास महाराज कहते हैं भजमन राम चरण सुखदाई क्योंकि उनके चरण स्पर्श मात्र से अहिल्या पत्थर से पुन: जीवित हो गई जो इस संसार में भगवान राम के अलावा और क़ोई नहीं कर सकता है.संसार में करने की प्रधानता है और परमात्मा में श्रद्धा, भक्ति, मानने की बात है ।देरी क्यों लगती है ? क्रिया पर जोर देते हैं (इसलिए) ।गीता में तत्काल सिद्धि की बात बताई है । तो क्यों है; क्योंकि वह बनी हुई है, स्वतः सिद्ध है ।तो अपना स्वरूप स्वतः सिद्ध है ।इसमें दृष्टि डालने की जरूरत है ।ऐसे परमात्मा हैं, उसमें भक्ति - भाव, श्रद्धा की जरूरत है । भाव से सिद्धि जल्दी होती है । (मानना है) भगवान् मेरे हैं ।प्रहलाद जी को पूछा भगवान् कहां है ? तो प्रह्लाद जी ने कहा कि भगवान् कहां नहीं है । ऐसे ही भगवान् राम ने वाल्मीकि जी से पूछा- मैं कहां रहूं ? तो वाल्मीकि जी कहते हैं मैं पूछता सकुचाता हूं कि आप कहां नहीं हैं ? तो इसमें भाव की प्रधानता है । मैं हूं । तो शरीर को मिलाकर कहता है - मैं हूं । तो देरी लगती है । मैं प्रकृति का अंश है । हूं परमात्मा का अंश है । है के साथ नहीं मिला दिया, तो मरने का डर लगता है । मरने का भय लगता है - मैं और मेरा मानने से । भय, इच्छा से रहित हो जाए तो तत्व की प्राप्ति हो जाए । इस वास्ते कामना के त्याग की बात भगवान् ने बहुत कही है । इच्छा, कामना के कारण ही संसार से संबंध है ।

# भाजपा सरकार की दूरदर्शी सोच का उद्योग जगत को भी सीधा फायदा : प्रदीप गुप्ता

*बोले : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का काम करने का तरीका और उनके नेतृत्व के परिणाम बेहतरीन*



**तरावड़ी, 11 जून ( छाया शर्मा ) :** श्री हंस राइस एंड जनरल मिल के सीएमडी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं करनाल लोकसभा सांसद मनोहर लाल खटटर के नेतृत्व में क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है, वहीं उद्योग जगत को भी सरकार की दूरदर्शी सोच का सीधा फायदा मिल रहा है।

उद्योगपति प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खटटर की कार्यशैली से न केवल आमजन बल्कि बड़े-बड़े राजनेता और दिग्गज नेता भी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि खट्टर की पारदर्शी कार्यप्रणाली, विकास केंद्रित सोच और मजबूत नेतृत्व के चलते हरियाणा और करनाल में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही उद्योग, बुनियादी ढांचे, रोजगार और जनहित से जुड़ी योजनाओं ने विकास को गति दी है। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री खट्टर का काम करने का तरीका और उनके नेतृत्व के परिणाम बेहतरीन हैं, जिसका असर आज क्षेत्र के विकास और जनता के विश्वास में साफ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों, बेहतर सड़क नेटवर्क, बिजली व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने वाली योजनाओं से व्यापार और उद्योग जगत को बड़ा लाभ मिला है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री खट्टर के नेतृत्व में करनाल लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की नई मिसाल कायम हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और जनसुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिससे आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ काम कर रही है तथा आने वाले समय में भी विकास की यह गति और तेज होगी। खट्टर के नेतृत्व में क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

# 14 जून को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

*जेसीआई सफीदों द ग्रेट की पहल, एम्स झज्जर की टीम करेगी रक्त संग्रह*



**सफीदों, 11 जून ( एस. के. मित्तल ) :** जेसीआई सफीदों द ग्रेट के तत्वावधान में 14 जून को नगर में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9.30 बजे नगर के भागो देवी अस्पताल में आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्ष पूनम सिंगला मित्तल ने बताया कि शिविर में देश के प्रतिष्ठित एम्स झज्जर की विशेषज्ञ टीम पहुंचेगी, जो पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करेगी। टीम द्वारा रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद ही रक्त संग्रह किया जाएगा, ताकि दाता और प्राप्तकर्ता दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पूनम सिंगला मित्तल ने कहा कि आज के समय में अस्पतालों में रक्त की कमी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। कई बार समय पर रक्त न मिलने के कारण मरीजों की जान पर बन आती है। ऐसे में इस प्रकार के रक्तदान शिविर समाज के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

उन्होंने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। संस्था की ओर से शिविर की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। युवाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के लोगों से विशेष रूप से भाग लेने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे 14 जून को आयोजित इस शिविर में समय पर पहुंचें और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाएं।

# लाडवा के महर्षि कश्यप चौंक पर दुकानदारों ने लगाई ठंडे मीठा पानी, जलजीरे की छबील

*राहगीरों ने ठंडा मीठा पानी पीकर राहत महसूस की*



**लाडवा, 11 जून ( रामगोपाल ) :** भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा और मीठा पानी पिलाने की एक पुण्यदायी सामाजिक और धार्मिक परंपरा है, जो विशेषकर उत्तर भारत के हरियाणा, पंजाब में ज्येष्ठ मास में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर अयोजित की जाती है। इसी कड़ी में लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए लाडवा मे समाजसेवी लोगों द्वारा हर रोज विभिन्न स्थानों पर ठंडा मीठा पानी, जलजीरे की छबील लगाई जा रही है। वीरवार को लाडवा के महर्षि कश्यप चौंक के पास हिनोरी रोड के दुकानदारों द्वारा आपसी सहयोग से ठंडा मीठा पानी व जलजीरा की छबील लगाई गई। ठंडा मीठा पानी व जलजीरा की छबील सुबह 10:00 बजे से लेकर 3:00 तक जारी रही। जिसमें लाडवा सहित आसपास के गांव से आए हुए हजारों लोगों ने ठंडा मीठा पानी पीकर राहत महसूस की। इस मौके पर हिनोरी रोड मार्केट के सभी दुकानदारों ने आपसी सहयोग से मिलजुल कर सेवा की।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान : पीयूष गुप्ता



**यमुनानगर, 11 जून ( दिनेश कुमार ) :** नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहे, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगराधीश पीयूष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में 7 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जगाधरी निवासी समय सिंह ने बिजली के बिल बारे, मालविया नगर निवासी मुनीश कुमार गोयल ने फैक्ट्री के सामने बिजली की लटकती हुई तारे हटवाने बारे, रमन कुमार ने मेनहोल ठीक करवाने बारे, नानक सिंह ने पोल बदलवाने बारे, संपूर्ण सिंह ने पानी की निकासी बारे, शशि कुमार ने बिजली के मीटर की सी.टी. बदलने और बिल सही करने बारे समस्याएं रखी। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक अतुल कुमार, असिसटेंट अंजना, समाधान शिविर के विशेष सदस्य जगदीश बब्बर, खरैती लाल बतरा, नीरज गुप्ता, एडवोकेट हरविन्द्र कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही पर भारी पड़ा एक्शन : वार्ड नं. 1 में ठप्प सफाई व्यवस्था के बाद नगर पालिका राजौंद का महा-अभियान



**राजौंद, 11 जून ( नरेश पुहाल ) :** नगर पालिका राजौंद के वार्ड नंबर 1 में एक लापरवाह कर्मचारी की वजह से पिछले कुछ दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। गलियों में कूड़े के ढेर और गंदगी से परेशान जनता की सुध लेते हुए नगर पालिका प्रशासन तुरंत हरकत में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नपा प्रशासन द्वारा वार्ड में एक विशेष और सघन सफाई अभियान छेड़ दिया गया है। इस अभियान की कमान खुद नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार, प्रदीप डांडी और सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार ने संभाली। दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी से काम पर लगाया। सफाई अभियान की निगरानी करते हुए नगर पालिका सचिव नरेंद्र ने कड़े शब्दों में कहा कि जनता की सहूलियत हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी कर्मचारी की लापरवाही के कारण शहरवासियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा वार्ड नंबर 1 में जहां भी गंदगी की समस्या थी, उसे पूरी तरह साफ किया जा रहा है। भविष्य में अगर कोई कर्मचारी ड्यूटी में कोताही बरतता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

वहीं, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार ने मोर्चे पर डटे रहकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाया। उन्होंने शहरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राजौंद के किसी भी वार्ड में सफाई को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।अब हर वार्ड की दैनिक रूप से सख्त मॉनिटरिंग की जाएगी। नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर 1 की गलियों और रास्तों को चकाचक करने के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

# सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी



**सोनीपत, 11 जून ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में आयुष्मान योजना एवं सिविल अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, अस्पतालों की व्यवस्थाओं एवं चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त नेहा सिंह ने सीएमओ को निर्देश दिए कि जिला के सभी सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा सभी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने डॉक्टरों के व्यवहार में संवेदनशीलता एवं सहजता लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ओपीडी समय के दौरान मरीज के उपचार से वंचित रहने के मामलों की जांच करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए, विशेषकर बच्चों के वार्डों में एसी की सुचारू सेवा सुनिश्चित की जाए। ऐसी व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयुष्मान योजना के क्लेम रिजेक्शन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी आयुष्मान मित्रों एवं ऑपरेटरों के लिए लघु सचिवालय में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि पोर्टल पर दस्तावेजों की सही अपलोडिंग सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता को सभी कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को बेहतर एवं सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक में सीटीएम सिमरन, सीएमजीजीए प्रखर सचन, सीएमओ डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. अनिता, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हो रहा विकास : भगवानदास कबीरपंथी

*विधायक ने गांव कोयर में किया फिरनी एवं राजपूत चौपाल का शिलान्यास*



**तरावड़ी, 11 जून ( छाया शर्मा ) :** हल्के के विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने गांव कोयर में फिरनी एवं राजपूत चौपाल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिरनी के निर्माण से गांव के आवागमन में सुविधा मिलेगी, जबकि राजपूत चौपाल सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांवों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा जनता की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और मांगों से भी विधायक को अवगत कराया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने सभी से गांव के विकास में सहयोग करने और स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# एसएमडीए द्वारा गांव सौहठी की राजस्व भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी व अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त : डीटीपी नीलम शर्मा



**सोनीपत, 11 जून ( ब्यूरो ) :** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को एसएमडीए की टीम ने गांव सौहठी की राजस्व संपदा में खरखौदा के चारों तरफ घोषित अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र में लगभग एक एकड में फैली अवैध कालोनी जिसमें 200 मीटर रनिंग बाउडरी वॉल, एक डीपीसी व कच्चे रास्तों को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया। डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनीनिर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेंत्र अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक संबंधित जानकारी के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय,चैथा तल, कराधान विभाग, सेक्टर-12, सोनीपत में सम्पर्क कर सकता है। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट कार्यकारी अभियंता एसएमडीए अमित कौशिक तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।

# सोमवती अमावस्या 15 जून को, श्रद्धालु करेंगे स्नान, दान और पितरों का तर्पण



**शाहाबाद मारकंडा, 11 जून ( रूबी ) :** भगवान नृसिंह परमार्थ ट्रस्ट के संचालक आचार्य लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि सनातन धर्म में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व माना गया है। इस वर्ष 15 जून को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या को लेकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जब अमावस्या तिथि सोमवार के दिन आती है तो उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। यह दिन भगवान शिव, माता पार्वती तथा पितरों की पूजा-अर्चना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि धर्माचार्यों के अनुसार सोमवती अमावस्या पर प्रातःकाल पवित्र नदी, सरोवर अथवा तीर्थ स्थल पर स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु इस दिन अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान तथा दान-पुण्य के कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि इस दिन किए गए धार्मिक कार्यों का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक तथा महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाएगा। लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखकर पीपल वृक्ष की पूजा करेंगी तथा उसकी परिक्रमा करेंगी। धार्मिक ग्रंथों में पीपल वृक्ष को भगवान विष्णु का स्वरूप माना गया है, इसलिए सोमवती अमावस्या पर इसकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि अमावस्या तिथि पितृ पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। इस दिन जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, फल तथा धन का दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में आने वाली अनेक बाधाएं दूर होती हैं। इसके साथ ही गौ सेवा, पक्षियों को दाना डालना तथा गरीबों की सहायता करना भी अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। आचार्य ने बताया कि धार्मिक विद्वानों के अनुसार सोमवती अमावस्या आत्मचिंतन, आध्यात्मिक उन्नति और पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन किए गए जप, तप, दान और पूजा-पाठ से व्यक्ति को मानसिक शांति, सुख-समृद्धि तथा आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मियों की लंबित मांगों पर हुई चर्चा, जल्द समाधान का भरोसा



**रायपुररानी, 11 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कमेटी की बैठक कार्यकारी अभियंता आशीष चौहान के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों और सुविधाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के राज्य उपप्रधान सतीश कुमार शर्मा ने की। बैठक के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने मोरनी क्षेत्र के कर्मचारियों के टीए बिलों के भुगतान, साबुन भत्ते, एलटीसी की लंबित राशि, कार्य के लिए आवश्यक औजारों की उपलब्धता तथा मेडिकल बिलों के भुगतान सहित कई मुद्दे प्रमुखता से उठाए। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समय रहते समाधान होना आवश्यक है, ताकि कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान एक्सईएन आशीष चौहान ने कर्मचारियों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का समाधान तुरंत संभव है, उन पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी, जबकि अन्य लंबित मामलों को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। जानकारी देते हुए यूनियन के राज्य उपप्रधान सतीश कुमार शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग और यूनियन के बीच संवाद बना रहना आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक में उठाए गए मुद्दों का जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। बैठक में जिला चेयरमैन रोशनलाल, कालका प्रधान रंघा राम, मोरनी प्रधान महिपाल शर्मा, सुरेश कुमार, जसवीर सिंह सहित अन्य यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हमारे देश में महिलाएं खेती का महत्वपूर्ण अंग हैं : डा. उत्तम सिंह




**मूनक, 11 जून ( जयभगवान ) :** स्टौडी़ में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 75 महिलाओं ने भाग लिया कृषि विज्ञान केंद्र राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल से डॉक्टर उत्तम सिंह ने अपने संबोधन में खेत बचाओ अभियान के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि छोटे बच्चा के स्वास्थ्य के लिए माता का स्वस्थ होना आवश्यक है। इस प्रकार धरती माता को देश की जनता के स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ रखना आवश्यक है। हमारे देश में महिलाएं खेती का महत्वपूर्ण अंग है। भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में पशुधन व दलहन फसलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर सोनिया ने हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन करनाल से संबंधित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक खेती को न्यूट्रिटिव किचन गार्डनिंग में लागू करने की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि एक देसी गाय से 30 एकड़ में प्राकृतिक खेती की जा सकती है। हरियाणा विज्ञान मंच के राज्य कमेटी सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी करने के लिए जरूर से ज्यादा यूरिया, डीएपी व अनेक प्रकार की दवाइयां भूमि की शक्ति को कम व जहर युक्त फसले पैदा कर रहे हैं। किसान फसल अवशेषों का सही प्रबंधन करके तथा साल में एक बार दलहन की फसल लेने से 25 से 30 प्रतिशत रासायनिक खाद की बचत की जा सकती है।

हरियाणा सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को डेयरी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए से स्वयं सहायता समूह से संबंधित महिलाओं द्वारा सहकारिता से पशुपालन शुरू करने के लिए 500 गज जमीन 5 साल के लिए लीज पर देने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर सुरेंद्रकमार, शमशेर सिंह, तिलक राज, मीना देवी, सुनीता देवी, बाला देवी, निशा, गीता, रीता, सुमन, सोनिया, सुदेश, बबीता, प्रियंका इत्यादि उपस्थिति रही।

# काकोरी कांड के महानायक थे पं. राम प्रसाद बिस्मिल : डॉ. बलराम शर्मा

## कहा:सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजूए कातिल में है शायरी लिख नौजवानों में किया था जोश पैदा







**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** ममता स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट हरियाणा एवं स्वतंत्रता सेनानी स्मृति मंच, करनाल के संयुक्त तत्वावधान में मानव सेवा संघ करनाल में महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज, करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ममता स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट, हरियाणा के अध्यक्ष संदीप गौतम ने शिरकत की। उनका कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वतंत्रता सेनानी स्मृति मंच, करनाल के सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा ने कहा कि पं. रामप्रसाद बिस्मिल काकोरी कांड के महानायक थे। वह भारत माता के सच्चे सपूत थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया और हंसते-हंसते भारत की स्वतंत्रता के लिए फांसी के फंदे को गले लगा लिया। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल प्रखंड विद्वान और महान शायर थे, जिन्होंने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजूए कातिल में है। शायरी लिखी थी जिससे उस समय भारत के नौजवानों में जोश पैदा किया था। इस अवसर पर रामचरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल वसंत विहार, करनाल के प्रबंधक अखिलेश गौतम, सुरेश शर्मा, सुनील दत्त शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, प्रवीण कुमार, अमन भारद्वाज, मीनाक्षी रानी, ऋतिक, श्यामलाल बंसा, अमोल रतन, कमलप्रीत भट्टी, वीरेंद्र कुमार व भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

**पं. राम प्रसाद बिस्मिल को युवाओं को उनके जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा :** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संदीप गौतम ने कहा कि पं. राम प्रसाद बिस्मिल हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके बलिदान के बाद स्वतंत्रता आंदोलन के समय भारतीय युवाओं ने अंग्रेजी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया और अंतत: हमें सफलता प्राप्त हुई। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर छात्र नेता अरुण नरुखेड़ी, महिला सशक्तिकरण, हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष शमशेर कश्यप, समाजसेवी राहुल बांसा, आमंत्रित सदस्य प्रदीप राणा, गौरव कैलाश, रजत कुमार एवं संजीव राणा ने भी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के योगदान का बखान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि व कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं सभी आमंत्रित सदस्यों को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# सीपीए सम्मेलन के सफल आयोजन पर विस अध्यक्ष ने स्टाफ की सराहना की

## कहा : टीम भावना, समर्पण और उत्कृष्ट प्रबंधन ने रचा सफलता का नया अध्याय



**चंडीगढ़, 11 जून ( के.के.संधू ) :** हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में 8 से 10 जून तक आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-II सम्मेलन के सफल एवं गरिमामय आयोजन पर हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। इस अवसर पर वीरवार को विधान सभा सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सम्मेलन के अनुभव साझा किए तथा आयोजन को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सचिवालय के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी ने एक सशक्त और समर्पित परिवार की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करते हुए सम्मेलन की सभी व्यवस्थाओं को अत्यंत कुशलता एवं जिम्मेदारी के साथ संभाला। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और टीमवर्क के कारण ही यह आयोजन भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बन सका। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हरियाणा की उत्कृष्ट मेजबानी, व्यवस्थाओं और आतिथ्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हरियाणा विधान सभा ने अपनी कार्यकुशलता और संगठन क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागियों पर प्रदेश की अच्छी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस सफल आयोजन ने न केवल हरियाणा विधान सभा व सरकार की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई प्रदान की है, बल्कि देशभर में विधायिका की सकारात्मक एवं प्रभावी कार्यप्रणाली का सशक्त संदेश भी पहुंचाया है। उन्होंने भविष्य में भी इसी समर्पण और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# समाधान शिविर आयोजित, 10 शिकायतें हुई प्राप्त

*डी.सी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को जल्द समाधान के दिए निर्देश*

**करनाल, 11 जून ( प्रवीन ):** डी.सी डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को जिला मुख्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय सहित




सभी उपमंडल कार्यालयों में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 10 शिकायतें आईं। इनमें करनाल मुख्यालय पर 6, नीलोखेड़ी, इंद्री, असंध व घरौंडा में एक-एक शिकायत प्राप्त हुईं। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में अभय नागर व गणेश नाथ पुलिस विभाग से संबंधित, उदय सिंह निशानदेही से संबंधित, अंग्रेज सिंह मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण न होने की शिकायत को लेकर, प्रवीण अवैध कब्जे से संबंधित, पूजा परिवार पहचान पत्र में गलत बिजली कनेक्शन हटावानें बारे। इसी प्रकार नीलोखेड़ी से पवन कुमार परिवार पहचान पत्र से संबंधित, इंद्री से वंदना पंचायती जमीन से संबंधित, घरौंडा से राजकुमार बिजली विभाग से संबंधित शिकायत व असंध से कृष्णा परिवार पहचान पत्र को ठीक करवाने संबंधित शिकायत लेकर समाधान शिविर पहुंची।

# छबील सेवा मानवता और परोपकार का जीवंत उदाहरण : रेणु बाला गुप्ता

## नगर निगम परिसर में आयोजित छबील सेवा में विधायक एवं निगम अधिकारियों ने की सहभागिता

**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वीरवार को नगर निगम प्रांगण में आयोजित छबील सेवा कार्यक्रम में सहभागिता कर सेवा भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार, पार्षद राजेश अग्घी, उत्सव प्रोचा सहित नगर निगम के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि छबील सेवा केवल शीतल जल वितरित करने का आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, परोपकार, प्रेम और नि:स्वार्थ सेवा की महान परंपरा का प्रतीक है। विशेषकर भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों और आमजन को



लोगों को प्रसाद वितरित करती हुई महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं विधायक जगमोहन आनंद।

शीतल जल एवं मीठा पेय उपलब्ध करवाना एक पुण्य कार्य है, जो समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हैं तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देते हैं। सेवा भाव ही समाज को एकता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों से जोड़ता है। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा और परोपकार की परंपरा सदियों से समाज को दिशा देती आई है। छबील सेवा जैसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं तथा नई पीढ़ी को भी मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें सेवा कार्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छब्बील सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आमजन को शीतल पेय वितरित करते हुए अनन्य सेवा भाव का परिचय दिया।

**भीषण गर्मी में पंछियों की प्यास बुझाने की अनूठी पहल :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नगर निगम परिसर में पक्षियों के लिए सकोरों में पानी भरकर जल सेवा अभियान की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में जहां इंसानों को पानी की आवश्यकता होती है, वहीं बेजुबान पक्षियों को भी राहत पहुंचाना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का आह्वान किया, ताकि जीव-जंतुओं की भी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# असिस्टेंट प्रोफेसरों की मांगों को लेकर हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री निवास पर मिला



हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उच्चतर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात करते हुए।

**करनाल, 11 जून ( संदीप रोहिला ):** हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में उच्चतर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से भेंट कर सहायक प्राध्यापकों की लंबित मांगों को मजबूती से उठाया। एसोसिएशन के प्रधान डॉ. राजेश रांझा, उप-प्रधान लेफ्टिनेंट डॉ. गुरप्रीत कौर और जॉइंट सेक्रेटरी सोनू गुरेरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महेंद्र सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीण सेवा की अनिवार्यता समाप्त करने या उसकी समयावधि को एक से दो वर्ष करने, 2014 बैच के नियमित शिक्षकों के लंबित सीनियर स्केल व सिलेक्शन ग्रेड जारी करने तथा सेवानिवृत्ति आयु को यूजीसी मानदंडों के अनुरूप 65 वर्ष करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रामीण सेवा से संबंधित मुद्दे पर संघ के प्रधान डॉ राजेश रांझा ने बताया कि शिक्षकों को पदोन्नति के लिए 5 वर्ष की ग्रामीण सेवा अनिवार्य तौर पर करनी होती है। वर्तमान परिस्थिति के अनुसार, लगभग 3500 असिस्टेंट प्रोफेसर्स की ग्रामीण से सेवा पूर्ण करने के लिए लगभग 35 वर्ष लग जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि ग्रामीण सेवा की अवधि को एक से दो वर्ष या पूर्णतया समाप्त कर दिया जाए ताकि समय पर सभी को पदोन्नति मिल सके। सेवानिवृत्ति आयु से संबंधित मामले में प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अवगत कराया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेन्द्रगढ़ में कार्यरत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है। इसके अतिरिक्त हरियाणा के सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष है, जबकि सरकारी महाविद्यालयों में यह केवल 58 वर्ष है। यह स्थिति राज्य के भीतर ही असमानता को दर्शाती है, एसोसिएशन ने इस विषय में न्यायसंगत निर्णय लेने का आग्रह किया। सैनी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए 2014 बैच के शिक्षकों के मामले को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया और इस संबंध में मुख्य सचिव से बातचीत की और प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र ही इसी से संबंधित अनुमति पत्र जल्द ही जारी किए जाने पर आश्वस्त किया। इसके पश्चात, प्रतिनिधिमंडल ने महानिदेशक (उच्चतर शिक्षा) एस. नारायणन से भी विभागीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। महानिदेशक ने आश्वस्त किया कि लगभग 240 असिस्टेंट प्रोफेसरों के सीनियर स्केल व सिलेक्शन ग्रेड की पे-फिक्सेशन प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। साथ ही, प्राइवेट यूनिवर्सिटी से पीएचडी की मान्यता संबंधी आदेश जल्द जारी होने और प्रोफेसर ग्रेड के लिए गठित कमेटी द्वारा दस्तावेज़ों की वेरिफिकेशन के बाद पात्र शिक्षकों को जल्द लाभ देने का भरोसा दिलाया।

# बाधा प्रतियोगिता में दमखम दिखाकर सुखदेव सिंह ने बढ़ाया रायपुररानी का मान

**– विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित, महाविद्यालय में खुशी का माहौल**



**रायपुररानी, 11 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** राजकीय महाविद्यालय रायपुररानी के एनसीसी कैडेट सार्जेंट सुखदेव सिंह ने कठिन एवं प्रतिस्पर्धात्मक बाधा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विशेष बाधा एवं प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित शिविर 12 से 21 जून तक आयोजित होगा, जिसमें चयनित कैडेटों को उन्नत सैन्य प्रशिक्षण एवं नेतृत्व कौशल का अभ्यास कराया जाएगा। प्राचार्या डॉ. सीमा सिंह ने सुखदेव सिंह की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ संस्थान की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की गुणवत्ता को दर्शाती हैं। उन्होंने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे शिविर में भी बेहतर प्रदर्शन कर महाविद्यालय, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस सफलता में डॉ. लेफ्टिनेंट यशवीर के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निर्देशन में सुखदेव सिंह ने नियमित अभ्यास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासित तैयारी के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि उनकी लगन एवं समर्पण अन्य कैडेटों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वहीं महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सुखदेव सिंह को शुभकामनाएँ दीं।

# कालका रेलवे रोड पर मीठे पानी की छबील और प्रसाद वितरण




**कालका, 11 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी, अजीत सिंह ) :** भीषण गर्मी के बीच कालका रेलवे रोड पर रोज एंड फेल्लास के संचालक रोहित एवं उनके साथियों द्वारा राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील सेवा कार्य किया गया। इस दौरान लोगों को ठंडी छबील पिलाई गई तथा हलवे व केले का प्रसाद भी वितरित किया गया। छबील सेवा में बड़ी संख्या में राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों ने प्रसाद ग्रहण किया। लोगों ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार के सामाजिक कार्य मानवता की मिसाल हैं। रोहित और उनके साथियों ने बताया कि उनका उद्देश्य इस गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना है।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
DD Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h Digital DTH Service CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dish tv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling TELEVISION
dish CH. NO. 748-008
amazon fire TV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba Ent
SMART STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com